
तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025

क्रिसमस के पूर्व आकर्षक रौशनी से जगमगाया सिविल लाइन चर्च।



## खबर संक्षेप

### लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन 29 तक

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए विभिन्न कोर्स में आवेदन फार्म जमा किया जा रहा है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर एवं फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कोर्स के लिए आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 29 दिसंबर है।

# तखतपुर सीएचसी में रात भर पड़ी रही लाश, हाईकोर्ट नाराज

### स्वास्थ्य-सचिव के जवाब पर जताया असंतोष

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 हफ्ते में नया भवन शुरू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात भर शव रखे जाने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य सचिव के शपथपत्र को असंतोषजनक बताया। कहा कि सीसीटीवी के अभाव में शव को अस्पताल में रखने का उचित कारण नहीं हो सकता। डिवीजन बेंच ने तीन सप्ताह के भीतर नए भवन में स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने कहा है। ध्यान रहे कि इस तरह की खबरें मीडिया में आने के बाद हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था।



तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

अस्पताल परोस रहा संक्रमण, बदहाली में जांच व इलाज कराने को मजबूर हो रहे लोग

हरिभूमि में 16 दिसंबर को प्रकाशित खबर।

नोटिस के बाद स्वास्थ्य सचिव ने शपथपत्र में बताया कि, 11 दिसंबर की शाम करीब 5.30 बजे एक सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति का शव पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था। जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम अगले दिन किया जाना था। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि, शव को कपड़े में लपेटकर, ओपीडी और मरीजों की बैठक से दूर सीसीटीवी निगरानी वाले कोने में रखा गया था।

शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि, शवगृह सीएचसी से करीब 1.5 किलोमीटर दूर है, वहां सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण शव को सीएचसी में ही रखा गया। इस पर हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, यह स्वास्थ्य सचिव का यह जवाब संतोषजनक प्रतीत नहीं होता। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्वीकार किया कि, तखतपुर सीएचसी का मौजूदा भवन पुराना और जर्जर है। नया भवन बनकर तैयार है और उसमें बेहतर स्थान, आधुनिक सुविधाएं, सीसीटीवी निगरानी उपलब्ध होगी। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि जब नया भवन तैयार है, तो उसे चालू करने में देरी क्यों। हाईकोर्ट ने कहा कि, जनस्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी लापरवाही को हल्के में नहीं लिया जा सकता। मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को तय की गई है, जिसमें नए भवन के संचालन, शवगृह व्यवस्था और रविवार ओपीडी को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा होगी।

### मुंगेलीनाका के पास हादसा : एक युवक की मौत, दूसरा घायल

# चेम्बर व किनारे खड़ी बस को बचाने के फेर में बेकाबू कार पेड़ से टकराई



मुंगेली नाका स्थित सर्किट हाउस मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त कार व मौके पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात 3 बजे सड़क से ऊपर बने चेम्बर व किनारे खड़ी बस को बचाने के फेर में बेकाबू कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार तेज होने से कार चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल होकर कार के अंदर फंस। 4 घण्टे रेस्क्यू कर गैस कटर से पाट्‌र्स काटकर घायल युवक को बाहर निकाला गया।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड शिव मंदिर के पीछे गली में रहने वाले मेहल कौशिक पिता मनीराम कौशिक 32 साल अपने किराएदार कबीरधाम निवासी भावेश श्याम व एक अन्य युवक के साथ रात में कार क्रमांक सीजी 10 एटी, 8880 में घूम रहे थे। रात 3 बजे मेहल कौशिक घर के पास दोस्त की स्कूटी लेने के लिए रिंग रोड टू जाने के लिए निकले थे। मुंगेली नाका स्थित सर्किट हाउस मोड़ के पास सड़क के ऊपर सिवरेज का चेम्बर उपर निकला हुआ है, वहीं बाजू में सड़क पर कतार से बसें खड़ी हुई थीं। तेज रफ्तार कार के चालक ने चेम्बर व बस को बचाने की कोशिश की, इससे उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे मेहल कौशिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पीछे सीट में बैठा भावेश श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। सामने सीट में बैठा एक युवक हादसे के बाद भाग निकला। कार की रफ्तार इतनी तेज थी दरवाजा टूटकर काफी दूर फेंका गया और कार पूरी से तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया है।



मृतक

### माता-पिता का इकलौता बेटा था

मृतक मेहल कौशिक माता-पिता को इकलौता बेटा था। उसके पिता मनीराम कौशिक जिला न्यायालय कर्मचारी है। पिता के अस्वस्थ होने पर वह अपने पिता को ड्यूटी पर लेकर जाता था। इकलौते बेटे की मृत्यु की खबर से घर में कोहराम मच गया है।

■ कार में फंसे युवक को बचाने गैस कटर से काटी गई कार की बाडी



### 13 दिन में मौके पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

8 दिसंबर 2025 को मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी रूपेश गेंदले पिता श्यामदास गेंदले 26 साल दुकान से मंगला जिम जा रहे थे। सर्किट हाउस के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया, दरवाजे से टकराकर वे बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएस, 8974 के चालक ने उनके सीने के ऊपर बाइक चला दी। जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### 4 घण्टे चला रेस्क्यू

हादसे में पीछे सीट में बैठा भावेश श्याम गंभीर रूप से घायल घायल होकर सीट में फंस गया था। पुलिस व आसपास के लोग घायल को कार से बाहर निकालने का प्रयास किया, किन्तु उसके दोनों पैर सीट में फंस गए थे। पास की वेल्डिंग दुकान के संचालक महेश साहू ने गैस कटर से कार के पाट्‌र्स को काटकर बाहर निकाला। चार घण्टे के रेसक्यू के बाद घायल युवक को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। उसके दोनों पैर टूट गए हैं।

### रात भर सड़क पर खड़ी रहती हैं बसें

रात होते ही मुंगेली नाका मैदान से सर्किट हाउस मोड़ तक कतार से सड़क किनारे बस खड़ी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया, कई बार शिकायत करने के बाद भी सड़क में सड़क होने वाले बसों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### चेम्बर बाहर होने से हो रहे हादसे

सर्किट हाउस मोड़ के पास बड़ा सा सिवरेज का चेम्बर बनाकर छोड़ दिया गया था। सड़क के ऊपर चेम्बर होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। पार्षद पति हिमांशु कश्यप ने कहा पूर्व में चेम्बर को सुधारने नगर निगम में शिकायत की गई। फिर से निगम आयुक्त से शिकायत की जाएगी।

# रेडियोग्राफर को चढ़ा पागलपन का दौरा, बाबू का हाथ मोड़ा, इंटर्न को मारा झापड़, पूर्व अधीक्षक को दी गालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक हफ्ते से नाइट ड्यूटी कर रहे रेडियोग्राफर को शुक्रवार की दोपहर पागलपन का दौरा चढ़ गया। इस दौरान होश खोते हुए उसने पहले बाबू का हाथ मोड़ा और रेडियोलाजी विभाग के पास जा रही इंटर्न महिला डाक्टर को गाली देते हुए दो झापड़ रसीद कर दिया। जिसके बाद सिम्स में हंगामा मच गया। इस दौरान रेडियोग्राफर ने साइकेट्रिक्स व पूर्व अधीक्षक डॉ सुजीत नायक के साथ भी गाली गलौज की है। जिसके बाद सिम्स के कर्मचारियों ने उसे पकड़ कर काबू किया और मनोरोग वार्ड में भर्ती किया गया। शनिवार को परिजनों के आने बाद उसे इलाज के लिए बाहर भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार पिछले 13 सालों से पदस्थ रेडियोग्राफर मनीष सोनी को शुक्रवार को पागलपन का दौरा चढ़ गया। इस दौरान उसने रेडियोलॉजी विभाग के बाबू विनय देवांगन से कहासूनी होने के बाद उसका हाथ पकड़कर मोड़ दिया और इंटर्न महिला डाक्टर के साथ बदसलूकी करते हुए उसे दो झापड़ मार दिया। इसकी हरकत देखते हुए कर्मचारियों ने इसकी सूचना अधीकक्ष डॉ लखन सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह को दी। जिसके बाद उसे काबू में करने के लिए मनोरोग विशेषज्ञ डॉ सुजीत नायक को बुलाया गया। इस दौरान डाक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन मनीष ने पूर्व अधीक्षक डॉ सुजीत नायक को गालियां देता रहा। बताया जा रहा है कि वह पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है, जिसके बाद उसे सीपत अस्पताल में अटैच कर दिया गया था। रेडियोग्राफर का इलाज सिम्स के मनोरोग वार्ड में चल रहा है, और डॉ नायक ही उसका इलाज कर रहे थे। इसके साथ ही उसे इलाज के लिए रायपुर और बेंगलुरू भी ले जाया गया था।

### सिम्स अस्पताल का मामला

■ दोपहर को काम के दौरान रेडियोग्राफर को आया दौरा

### इंटर्न डाक्टरों ने खोला मोर्चा, मांगी सुरक्षा



खास बात यह है कि शुक्रवार की घटना के बाद इंटर्न डाक्टरों ने शनिवार को सुरक्षा को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए इंटर्न डाक्टर ने सिम्स की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। वहीं दूसरी ओर इंटर्न डाक्टरों का एक दल अब हड़ताल में जाने की बात कह रहा है।

### उचित कार्रवाई की जाएगी

रेडियोग्राफर की हरकत का पता लगते ही गार्ड मौके पर पहुंच गया था, उसे काबू में कर मनोरोग वार्ड में भर्ती किया गया था। उसने पहले भी हरकत की थी लेकिन ऐसा मामला पहली बार सामने आया है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

\- डॉ लखन सिंह
अधीक्षक, सिम्स

### घटना दुर्भाग्यपूर्ण

रेडियोग्राफर द्वारा इंटर्न डाक्टर के साथ मारपीट करने, उत्पात मचाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने मनोरोग के विभागाध्यक्ष को तत्काल बुलाया और उसका इलाज किया गया। शनिवार को परिजनों के आने के बाद स्वेच्छा से उसे ले जाया गया है। इंटर्न डाक्टरों के हड़ताल में जाने की सूचना मुझे नहीं मिली है और बिना सुचना के हड़ताल में जाना सही नहीं है।

\- डॉ रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स






# वन्दे मातरम मित्र मंडल का पथसंचलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामाजिक समरसता के लिए वन्दे मातरम् मित्र मंडल का पथ संचलन आज तारबाहर स्थित आत्मानंद स्कूल से दोपहर 2.59 को शंख ध्वनि के साथ निकलेगा। मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन, महामंत्री जय सिंह चंदेल एवं कार्यक्रम संयोजक धीरेन्द्र केशरवानी ने बताया कि पथ संचलन ठीक 2.59 पर प्रारंभ होकर तारबाहर चौक, सीएमडी चौक, विद्या नगर, सहगल गली, अम्बा टावर होते हुए वापस आत्मानंद स्कूल पहुंचेगा। पथ संचलन में सतनामी जन जागृति सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष विद्या शंकर भारद्वाज अपने साथियों के साथ संचलन का नेतृत्व करेंगे। केसरिया जैकेट में वन्दे मातरम् मित्र मंडल के सदस्यों के साथ विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि रायपुर से आए वन्दे मातरम मित्र मंडल के सदस्य 2.3 किमी दूरी को 32 मिनट चलकर अपने गंतव्य को पहुंचेंगे। संचलन की समाप्ति पर आत्मानंद स्कूल में एक सभा होगी। जिसमें नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा। सभा को धर्म जागरण के छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रमुख राजकुमार चंद्रा मुख्य वक्ता होंगे।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।**


# मोबाइल में बात करते समय छत से गिरकर घायल युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल में बात करते समय पैर फिसल जाने से छत से गिरकर घायल हुई युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

सिविल टीआई एसआर साहू ने बताया, मस्तूरी पेंड्री निवासी प्रिया महेश्वरी पिता मोहर साय 28 साल मगरपारा में किराए के मकान में रह रही थी। 25 नवंबर 2025 को वह घर की छत पर मोबाइल से किसी से बात कर रही थी। बात करने के दौरान मोबाइल में व्यस्त हो गई थी। छत में घूमते हुए पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 20 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### विभूति विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र सेवा प्रमुख पूरनेन्द्र छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री नियुक्त




**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद की 17, 18 एवं 19 दिसंबर को हस्तिनापुर, मेरठ में आयोजित केंद्रीय बैठक में संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में बिलासपुर के विभूति भूषण पांडेय को भोपाल क्षेत्र, विश्व हिंदू परिषद का 'क्षेत्र सेवा प्रमुख' नियुक्त किया गया। यह बिलासपुर अंचल एवं पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात मानी जा रही है। इसी केंद्रीय बैठक में पूरनेन्द्र सिन्हा को विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत मंत्री नियुक्त किया गया। वे पूर्व में छत्तीसगढ़ विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री के रूप में दायित्व निभा चुके हैं। श्री सिन्हा का संगठनात्मक जीवन भी अत्यंत प्रेरणादायी रहा है। श्री सिन्हा ने 1998 से 2009 तक रायपुर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला प्रचारक एवं विभाग प्रचारक, 2010 से 2014 तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत सह शारीरिक प्रमुख रहे।

# एसआईआर: 16 लाख 75 हजार में से 3 लाख 63 हजार मतदाताओं के जमा नहीं हुए फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के गणना फार्म हुए जमा

एसआईआर अंतर्गत डोर टू डोर मतदाताओं के सत्यापन और गणना फार्म भराने की तिथि समाप्त हो गई है। जिले में एसआईआर शुरू होने के पहले कुल 16 लाख 75 हजार 770 मतदाता थे, जिनमें से 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के गणना फार्म जमा हो गए हैं। दूसरी तरफ 3 लाख 63 हजार 547 मतदाताओं के फार्म जमा नहीं हुए हैं।

एसआईआर तहत 4 नवंबर से जो डोर टू डोर मतदाताओं का सत्यापन एवं गणना फार्म भराने का सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब समाप्त हो गया है। निर्वाचन आयोग ने एसआईआर तहत गणना फार्म जमा करने दो बार तिथि बढ़ाई थी जो 18 दिसंबर को समाप्त हो गया है। जिस समय एसआईआर शुरू हुआ तब जिले में कुल 16 लाख 75 हजार 770 मतदाता थे। इनमें से आखिरी तिथि तक बीएलओ के पास के 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के फार्म जमा हो गए हैं, जबकि 3 लाख 63 हजार 547 मतदाताओं के फार्म जमा नहीं हुए हैं। इनमें अपसेंट मतदाताओं, मृतक, शिफ्टिंग वाले मतदाताओं के फार्म शामिल हैं।

विधानसभावार में कोटा विधानसभा से 195297 मतदाताओं के फार्म, तखतपुर विधानसभा से 218516 मतदाताओं के फार्म, बिल्हा विधानसभा से 264705 मतदाताओं के फार्म, बिलासपुर विधानसभा से 168006 मतदाताओं के फार्म, बेलतरा विधानसभा से 198380 मतदाताओं के फार्म एवं मस्तूरी विधानसभा से 267319 मतदाताओं के फार्म जमा हुए हैं।

# एनएसएस का नेवसा में जागरूकता शिविर शुरू

■ सीएमडी कॉलेज एवं विधिक सेवा प्राधिकरण का संयुक्त आयोजन




**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा गोद ग्राम नेवसा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 26 दिसंबर तक रहेगा।

यह शिविर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त सहयोग से आयोजित है। शिविर का शुभारंभ आज हरी झंडी दिखाकर किया गया। मुख्य अतिथि एयू के कुलसचिव तारणीश गौतम, विशिष्ट अतिथि रीवा के डॉ. अतुल कुमार तिवारी, शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, प्राचार्य डॉ. संजय सिंह तथा राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर की टीम उपस्थित रही। शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे एवं कुलसचिव तरणीश गौतम एवं लीलाधर साय यादव ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राम नेवसा में सरपंच संगीता राज मरावी, उप सरपंच अशोक कुमार मरकाम, केशव यादव सहित ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। शिविर का संचालन डॉ. के. के शुक्ला तथा रोहित लहरे के मार्गदर्शन में हो रहा है। इसमें चंद्रप्रभा, कार्सिता सिंह , रामेश्वर पटेल, दीपक सेठ, कार्तिकेश्वर, राजेश निराला,अभिषेक कर्ष,नरेंद्र टंडन नारायण, लोकेश, बिस्नु, सचिन, अभिषेक, चंचल, रागनी, ऋतू, करुणा, तनु, हिमानी, निशा, पुष्पराज, उमेश, अनमोल की भागीदारी है।

# सर्दी के मौसम में रहें सजग, बरतें सावधानियां

## Health Special

### खेल-कूद की चोटों से बचाव के लिए आसन व ज़रूरी उपाय : डॉ.अभिषेक घाटगे






• वार्म-अप और स्ट्रेचिंग खेल शुरू करने से पहले करें, 5–10 मिनट हल्का वार्म-अप करें। मांसपेशियों को खींचने (Stretching) से खिंचाव और मोच का खतरा कम होता है। किसी भी खेल की सही मुद्रा और चाल सीखना बहुत ज़रूरी है।

• गलत तकनीक से चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। खेल के अनुसार हेलमेट, घुटना-पैड, कोहनी-पैड, शिन-गार्ड आदि पहनें । जूते सही साइज और अच्छे ग्रिप वाले हों, शरीर को ज़्यादा न थकाएँ। बहुत थकान या दर्द होने पर खेल रोक दें। रोज़-रोज़ ज़्यादा अभ्यास से ओवरयूज़ इंजरी हो सकती है। पौष्टिक भोजन मांसपेशियों को मज़बूत बनाता है।

• खेल के दौरान और बाद में पर्याप्त पानी पिएँ। शरीर को ठीक होने के लिए आराम और पूरी नींद ज़रूरी है । चोट लगने पर तुरंत ध्यान दें, डॉक्टर की सलाह तुरंत लें। • दर्द, सूजन या मोच होने पर तुरंत डाक्टर से परामर्श करें। ज़रूरत हो तो विशेषज्ञ-डॉक्टर से सलाह लें।

### मोबाईल का अधिक उपयोग बच्चों के लिए घातक : डॉ. ध्रुव

प्रारंभिक बाल्यावस्था (0–5 वर्ष) में बच्चों का मस्तिष्क अत्यधिक neuroplastic होता है। इस संवेदनशील अवधि में मोबाइल फोन का अत्यधिक स्क्रीन एक्सपोज़र बच्चों के neuro development को प्रभावित कर सकता है। लगातार तेज़ visual stimulation से sensory integration imbalance उत्पन्न होता है, जिससे eye contact, joint attention और social interaction में कमी देखी जाती है। वर्ष 2025 के एक विश्लेषण के अनुसार, 2–9 वर्ष के बच्चों में Autism Spectrum Disorder (ASD) की व्यापकता लगभग 1.12% से 1.5% आँकी गई है, अर्थात लगभग हर 68 में से 1 बच्चा ऑटिज़्म-स्पेक्ट्रम से प्रभावित पाया जा रहा है। क्लिनिकल प्रैक्टिस में यह देखा गया है कि अधिक स्क्रीन उपयोग करने वाले बच्चों में speech delay, reduced attention span, social reciprocity की कमी तथा repetitive behaviors जैसे लक्षण अधिक दिखाई देते हैं। समाधान के रूप में screen time regulation, parent-child interaction और play-based developmental activities को प्राथमिकता देना बच्चों के स्वस्थ मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है।






### उम्र बढ़ने पर होने वाले जोड़ों व हाथ-पैर में दर्द व फिज़ियोथेरीपी : डॉ. गरिमा तिवारी

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में कुछ बदलाव होना स्वाभाविक है। पहले जो काम आसानी से हो जाते थे, वही अब मुश्किल लगने लगते हैं। सुबह उठते समय शरीर में जकड़न, घुटनों या कमर में दर्द, जल्दी थक जाना—ये सब उम्र बढ़ने के आम लक्षण हैं। अक्सर लोग कहते हैं, "उम्र हो गई है, दर्द तो होगा ही।"लेकिन सच यह है कि हर दर्द उम्र का हिस्सा नहीं होता।
दर्द क्यों होता है? उम्र बढ़ने पर: - मांसपेशियाँ कमजोर हो जाती हैं। जोड़ सख़्त हो जाते हैं। चलने-फिरने में संतुलन कम हो जाता है। गलत ढंग से बैठना-उठना दर्द बढ़ा देता है इससे रोज़मर्रा के काम जैसे चलना, सीढ़ियाँ चढ़ना, झुकना या खड़े रहना कठिन हो जाता है। फिज़ियोथेरीपी कैसे मदद करती है?फिज़ियोथेरीपी एक इलाज है जिसमें बिना दवा और बिना ऑपरेशन शरीर को मजबूत बनाया जाता है।
फिज़ियोथेरीपी उपचार से:- शरीर एवं जोड़ों का दर्द कम होता है। मांसपेशियों में ताकत आती है। जोड़ों की हरकत सुधरती है। चलना-फिरना आसान होता है। गिरने का डर कम होता है रिकवरी मतलब फिर से अपने कार्यों को स्वयं से करना। फिज़ियोथेरीपी का मकसद सिर्फ दर्द कम करना ही नहीं होता, बल्कि व्यक्ति को फिर से अपने रोज़ के काम स्वयं करने लायक बनाना है। उम्र बढ़ना प्राकृतिक है, लेकिन दर्द के साथ जीना ज़रूरी नहीं। समय पर शुरू की गई फिज़ियोथेरीपी शरीर को फिर से मज़बूत, संतुलित और आत्मनिर्भर बना सकती है। उम्र एक संख्या है, चलना–फिरना जीवन की गुणवत्ता है। फिज़ियोथेरीपी चिकित्सक से अवश्य ही परामर्श करें।






### दांतों के स्वास्थ्य की देखभाल नियमित रखें : डॉ. रोहित पाण्डेय

दांतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए दिन में दो बार ब्रश करें (2 मिनट), रोज़ फ्लॉस करें, फ्लोराइड टूथपेस्ट का उपयोग करें, जीभ साफ करें और मीठे व तंबाकू से बचें, साथ ही हर 6-12 महीने में डेंटिस्ट को दिखाएं, ताकि कैविटी, मसूड़ों की बीमारी और सांसों की बदबू से बचा जा सके और आपकी मुस्कान स्वस्थ व चमकदार रहे।
**मुख्य देखभाल टिप्स :** नरम ब्रिसल वाले ब्रश से दिन में दो बार (सुबह और रात) 2 मिनट तक ब्रश करें। हर दांत के आगे, पीछे और ऊपर की सतह को धीरे-धीरे साफ करें। मसूड़ों की लाइन पर भी ध्यान दें।
**फ्लोराइड टूथपेस्ट :** फ्लोराइड युक्त पेस्ट दांतों के इनेमल को मजबूत बनाता है और सड़न रोकता है। ब्रश करने के बाद थूक दें, कुल्ला न करें, ताकि फ्लोराइड अपना काम कर सके। फ्लॉसिंग: हर दिन एक बार फ्लॉस करें, खासकर ब्रश करने के बाद, ताकि फंसे हुए खाने और प्लाक निकल जाएं। जीभ की सफाई: जीभ को साफ करने के लिए टंग क्लीनर का इस्तेमाल करें या हल्के से ब्रश करें, इससे सांसों की बदबू कम होती है।
**टूथब्रश बदलें :** हर 3-4 महीने में या जब ब्रिसल्स घिस जाएं, अपना टूथब्रश बदलें। डाइट: मीठे पेय, मिठाइयों और चिपचिपी कैंडी से बचें। पानी ज्यादा पिएं। रेशेदार फल और सब्जियां खाएं। दूध, मछली, मांस के बाद मुंह साफ करें। धूम्रपान से बचें: धूम्रपान करने से दांतों और मसूड़ों की समस्याएं बढ़ती हैं।
**नियमित जांच :** हर 6 महीने में डेंटिस्ट से चेकअप और प्रोफेशनल क्लीनिंग करवाएं।






### आर्थराइटिस सामान्य व गंभीर रोग, सही देखभाल ही बचाव : डॉ. आशीष मुंदड़ा

आर्थराइटिस जिसे हिंदी में गठिया कहा जाता है, एक सामान्य लेकिन गंभीर रोग है, जिसमें जोड़ों में सूजन, दर्द और अकड़न हो जाती है। यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है। आर्थराइटिस के कई प्रकार होते हैं, जिनमें ऑस्टियोआर्थराइटिस, रूमेटॉइड आर्थराइटिस और गाउट (Gout) प्रमुख हैं। इस रोग में व्यक्ति को चलने-फिरने, बैठने और दैनिक कार्य करने में कठिनाई होती है। आर्थराइटिस होने के मुख्य कारणों में बढ़ती उम्र, मोटापा, जोड़ों पर अधिक दबाव, अनुवांशिक कारण और प्रतिरक्षा तंत्र की गड़बड़ी शामिल हैं। समय पर इलाज न होने पर यह रोग जोड़ों को स्थायी रूप से नुकसान पहुँचा सकता है। इसके लक्षणों में जोड़ों का दर्द, सूजन, लालिमा और सुबह के समय अधिक अकड़न महसूस होना शामिल है। आर्थराइटिस का इलाज पूरी तरह संभव नहीं है, लेकिन सही दवाइयों, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। योग और फिजियोथेरेपी भी इसमें काफी लाभदायक सिद्ध होते हैं। सही देखभाल से आर्थराइटिस के मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं।




**खबर संक्षेप**

## यदुनंदन नगर में होगा वृहद हिंदू सम्मेलन 28 को



**बिलासपुर।** हिन्दू सम्मेलन समिति यदुनंदन नगर बस्ती के द्वारा सनातन धर्म में आपसी एकजुटता, गौ सेवा के महत्व एवं कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सामूहिक चर्चा व जागरूकता के लिए वृहद हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता पूज्य स्वामी रामरूप दास महात्यागी महंत एवं पीठाधीश रामाश्रय, श्री हरिहर केदार क्षेत्र मदकु द्वीप होंगे। समाजसेविका एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ संजना विनोद तिवारी होंगी। यदुनंदन नगर बस्ती प्रमुख नीरज यादव ने बताया कि यह सम्मेलन 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। उन्होंने समस्त सनातनी परिवारों से इस आयोजन शामिल होने के आग्रह किया है।

**पॉलिटिक्स प्लस**

## सिद्धार्थ बने भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से पार्टी ने युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य की घोषणा की है। इसमें सिद्धार्थ शर्मा को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। पार्टी ने विभिन्न जिलों और क्षेत्रीय इकाइयों में सक्रिय युवा नेताओं को जिम्मेदारी दी है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि यह कदम संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने में सहायक होगा। आगामी समय में युवा मोर्चा की गतिविधियों और योजनाओं को और प्रभावी बनाने के लिए नए सदस्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फार्मूला बदल दिया गया

# अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा परिणाम में जोड़े जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य में पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फार्मूला बदल दिया गया है। अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। मतलब कि तिमाही छमाही परीक्षा में कम अंक आने पर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट प्रभावित होगा।

- बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया

यह व्यवस्था चालू शिक्षा सत्र से ही लागू कर दी गई है। हालांकि बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के इस फैसले में 10वीं-12वीं के छात्रों को छोड़कर राज्य के लगभग 45 लाख छात्र प्रभावित होंगे।शिक्षा विभाग ने चालू शिक्षा सत्र से ही रिजल्ट का नया फार्मूला लागू कर दिया है। राज्य के सभी जिलों के शिक्षा



अधिकारियों को रिजल्ट के नए फार्मूले के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा सिस्टम में ज्यादातर स्कूलों में परीक्षा केवल औपचारिकता निभाने के लिए ली जाती है।

जबकि तिमाही-छमाही टेस्ट छात्रों के तीन और छह माह की तैयारियों का आंकलन करने के लिए आयोजित होते हैं। इसके बावजूद लापरवाही बरती जाती है। अब चूंकि दोनों परीक्षाओं के अंक जोड़ने का निर्णय लिया गया है, इससे इन दोनों परीक्षाओं के प्रति गंभीरता बढ़ेगी और पढ़ाई का स्तर भी सुधरेगा।

### तिमाही के 20% और छमाही 30% अंक जुड़ेंगे

नई व्यवस्था के मुताबिक कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी में तिमाही व छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20-20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी तिमाही-छमाही का 20-20 प्रतिशत और वार्षिक का 60 प्रतिशत मिलाकर ही परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा में छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी छमाही का 30 फीसदी एवं वार्षिक का 70 फीसदी मिलाकर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

### फेल करने का नियम ही बदल दिया

गौरतलब है कि राज्य में 2010 के पहले भी कुछ शिक्षा सत्रों में वार्षिक परीक्षाफल तैयार करने का यही सिस्टम लागू किया गया था। उस समय भी तिमाही व छमाही परीक्षा के अंकों को जोड़कर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार किया जाता था। उसी दौरान 2010 में आरटीई यानी शिक्षा का अधिकार कानून लागू हो गया है। उसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को फेल करने का नियम ही बदल दिया गया। यानी पहली से आठवीं तक सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से पास करने का सिस्टम लागू कर दिया गया। उसके बाद से मूल्यांकन का फार्मूला बदल दिया गया।

### माशिमं के पास गया प्रस्ताव

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए भी छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया है लेकिन अभी इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा रहा है। इस बारे में माध्यमिक शिक्षा मंडल को पत्र लिखकर वहां से राय मांगी गई है। मंडल से सहमति मिलने के बाद ही 9वीं और 11वीं के लिए निर्णय लिया जाएगा। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों को भी स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। इस बारे में जानकारों का कहना है कि छात्र तिमाही, छमाही में अगर अच्छे अंक पाते हैं तो उन्हें फायनल एग्जाम में मदद मिलेगी। लेकिन इस सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया में गंभीरता और ईमानदारी होनी चाहिए। यह फार्मूला पहले भी लागू किया गया था। उस समय भी खामियां थीं।

### रिजल्ट में जोड़े जाएंगे अंक

अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है।

– **आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

# आज ढाई लाख बच्चों को मिलेगी 'दो बूंद जिंदगी की'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस 'पल्स पोलियो अभियान' के तहत जिले में 2 लाख 78 हजार से अधिक बच्चों को 21 दिसंबर को दो बूंद पिलाई जाएगी। जिले में 1520 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, इस दौरान 0 से लेकर 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 28 मार्च 2014 को भारत पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नाइजीरिया जैसे देशों में अभी भी पोलियो के वायरस के कारण पीड़ित सामने आते हैं। भारत में भी इन देशों से नागरिकों आते रहे हैं, ऐसे में पोलियो के वायरस से कई बार बच्चों को संक्रमित होते देखा गया है। यही कारण है कि देश में कुछ जगहों पर पोलियो के मरीज मिले हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम शुरू है जिसके चलते स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा पालक व अभिभावक से अपील गई है कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीक के पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दवा पिलाई जा सकती है।

- 0 से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दी जाएगी खुराक

जिले में 1520 पोलियो बूथ बनाया गया है। जिला अस्पताल, सिम्स, शासकीय अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोलियो की खुराक मिलेगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 278149 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। अभियान तीन दिन तक चलेगा। पहले दिन 21 दिसम्बर को पोलियो बूथ पर दवा पिलायी जायेगी। दूसरे एवं तीसरे दिन 22 एवं 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता / आंगबाड़ी कार्यकर्ता / मितानिनों के द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चे, दुर्गम पहुँच विहिन क्षेत्रों में जाकर पोलियो दवा पिलाएंगे। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व हाई रिस्क क्षेत्र जैसे ईट भट्टा, कोयला भट्टा, निर्माण क्षेत्र, घुमन्तू परिवार, मलिन बस्ती आदि के लिए अलग से टीम बनाई गई है तथा मेला एवं हाट बाजार के लिए भी टीम सदस्य अलग से बनाई गई है। मोबाईल टीम भी बनाये गये है, जो बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेंगे।

**पल्स पोलियो अभियान**



### सीएमएचओ ने किया प्रचार वाहन रवाना

अभियान से ठीक पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रचार वाहन किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाना है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान डॉ. रक्षित जोगी डीएसओ व प्रभारी पल्स पोलियो अभियान, सुश्री प्यूली मजूमदार, श्रीमती एसआर राम, डॉ. टारजन आदिले, अमित स्कॉट, प्रदीप राय डॉ. अनुपम नाहक सलाहकार, दिनेश कुमार सिंगरौल सक्रेटेरियल असिस्टेन्ट, प्रवीण शर्मा शामिल रहे।


# Best Hotel Restaurant In Bilaspur

## जायकेदार शुद्ध शाकाहारी भोजन ही हमारी पहचान- होटल ग्रीन सिटी

बिलासपुर में शुरू हुआ होटल ग्रीन सिटी, आधुनिक सुविधाओं के साथ शुद्ध शाकाहारी भोजन की खास व्यवस्था बिलासपुर (छ.ग.)। रामावैली के समीप रायपुर रोड, बोदरी क्षेत्र में स्थित होटल ग्रीन सिटी अब यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। होटल में 20 अत्याधुनिक एसी रूम की सुविधा उपलब्ध है, जो आरामदायक ठहराव का बेहतर विकल्प प्रदान करती है। होटल ग्रीन सिटी की विशेषता इसका प्योर वेज रेस्टोरेंट है, जहां स्वादिष्ट और स्वच्छ शाकाहारी भोजन परोसा जाता है। यहां वेग थाली के साथ-साथ मंथली पार्सल सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे छात्र, कर्मचारी और परिवारजन लाभ उठा सकते हैं। सुविधाजनक लोकेशन, बेहतर सेवा और किफायती दरों के चलते होटल ग्रीन सिटी तेजी से लोकप्रिय हो रहा

## वैरायटी एवं स्वाद के साथ शुद्धता- न्यू तारा जी होटल

बिलासपुर में स्वाद और शुद्धता का नया ठिकाना बना न्यू 'होटल तारा जी' मुंगेली नाका चौक में शुद्ध शाकाहारी एवं स्वादिष्ट भोजन के लिए होटल तारा जी तेजी से लोगों की पसंद बनता जा रहा है। आधुनिक साज-सज्जा, साफ-सुथरा वातावरण और उम्दा सेवा के साथ होटल तारा जी ग्राहकों को बेहतरीन खाने का अनुभव प्रदान कर रहा है। होटल तारा जी में विशेष रूप से मटन आहूना, चिकन आहूना, तंदूरी बिरयानी, मटन चंपारण, फिश चंपारण, पनीर मटर मसाला, मटन मेथीजी स्पेशल, चिकन मेथीजी स्पेशल एवं मटन आहूना बिरयानी जैसे खास व्यंजन उपलब्ध हैं, जो खाने के शौकीनों को बार-बार यहां आने के लिए आकर्षित कर रहे हैं। परिवार के साथ भोजन के लिए उपयुक्त माहौल उपलब्ध कराया गया है। होटल प्रबंधन का कहना है कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। शहरवासियों के बीच होटल तारा जी तेजी से भरोसे का नाम बनता जा रहा है। तारा जी अपने दो रेस्टोरेंट के सफलता के बाद एक न्यू आउटलेट का शुभांरभ ग्राहकों के पसंद के अनुसार अपने नये मेनु को बनाया है।




## परिवार की पहली पसंद अपना ढाबा & फैमिली रेस्टोरेंट


शहर के प्रसिद्ध भोजनालय "अपना ढाबा" द्वारा ग्राहकों की पसंद और स्वाद को ध्यान में रखते हुए शुद्ध, स्वादिष्ट और किफायती व्यंजनों को शामिल किया गया है, ताकि हर वर्ग के लोग भरपूर आनंद ले सकें। शाकाहारी एवं मांसाहारी व्यंजन, तंदूरी रोटियां, स्पेशल सब्जियां, चाइनीज आइटम, फास्ट फूड तथा विशेष पारंपरिक स्वाद को प्रमुखता दी गई है। ढाबा प्रबंधन के अनुसार, सभी व्यंजन ताज़ी सामग्री और स्वच्छ वातावरण में तैयार किए जाते हैं। ढाबा संचालक ने बताया कि ग्राहकों की मांग के अनुसार कई नए और स्पेशल आइटम जोड़े गए हैं, वहीं पुराने लोकप्रिय व्यंजनों का स्वाद पहले जैसा ही रखा गया है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवा और संतोष प्रदान करना है।














क्रिसमस स्पेशल

सदियों से मनाया जा रहा प्रभु यीशू के जन्मोत्सव को समर्पित क्रिसमस का पर्व, अब किसी एक क्षेत्र या वर्ग का नहीं ग्लोबल फेस्टिवल बन चुका है। वैश्विक प्रेरणाओं, मानवीय मूल्यों और व्यक्तिगत संवेदनाओं के संगम से आज का क्रिसमस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम सिर्फ उत्सव न मनाएं बल्कि उत्सव बन जाएं। यही इस दौर के क्रिसमस की सबसे बड़ी और सबसे सकारात्मक उपलब्धि है।

कवर स्टोरी / आर. सी. शर्मा

# खुशी-उल्लास-उमंग का ग्लोबल फेस्टिवल क्रिसमस

क्रिसमस एक ऐसा पर्व है जो एक समय तक धार्मिक उत्सव के रूप में मनाया जाता था, लेकिन आज इक्कीसवीं सदी में यह वैश्विक संवेदना, मानवीय एकजुटता और सामूहिक खुशी का प्रतीक बन चुका है। बदलती तकनीक, तेज रफ्तार जीवनशैली, वैश्वीकरण और सामाजिक विविधताओं के बीच भी क्रिसमस का रोमांच कम नहीं हुआ बल्कि कई अर्थों में और गहरा हुआ है।

## परंपरा-आधुनिकता का संगम

आज के दौर में क्रिसमस सिर्फ चर्च की घंटियों, कैरोल्स गाने या क्रिसमस ट्री सजाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसा अवसर बन चुका है, जहां परंपरा और आधुनिकता एक-दूसरे में घुल-मिल जाती हैं। सोशल मीडिया पर फैली रोशनियां, डिजिटल ग्रीटिंग्स, वर्चुअल पार्टियां और ऑनलाइन गिफ्टिंग, इन सबने क्रिसमस को एक नए स्वरूप से सजा दिया है। जहां पहले क्रिसमस का अनुभव स्थानीय समुदाय तक सीमित रहता था, वहीं आज यह एक ग्लोबल इवेंट बन गया है। न्यूयॉर्क की सड़कों से लेकर टोक्यो, मुंबई और नैरोबी तक हर जगह क्रिसमस की सजावट, संगीत और उल्लास एक साझा भाव पैदा करता है।

## खुशियों का नया एहसास

हाल के दशकों में क्रिसमस को लेकर हमारी भावनाओं में निश्चित ही बदलाव आया है। आधुनिक जीवन में तनाव, प्रतिस्पर्धा और अकेलापन बढ़ा है। ऐसे में क्रिसमस एक भावनात्मक विराम की तरह आता है, जहां लोग रुककर रिश्तों, यादों और मानवीय जुड़ाव को महत्व देते हैं। आज की खुशियां सिर्फ उपहारों तक सीमित नहीं रहीं। मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सुरक्षा और साथ होने की अनुभूति अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। क्रिसमस के समय परिवार या दोस्तों के साथ बैठकर खाना खाना, पुरानी यादें साझा करना या किसी जरूरतमंद की मदद करना, इन सबमें एक गहरी संतुष्टि छिपी है। यानी खुशी की मात्रा नहीं, लेकिन उसकी गुणवत्ता बदली है। यह अधिक संवेदनशील और अधिक मानवीय हुई है।

## करुणा-साझेदारी की प्रेरणा

इक्कीसवीं सदी का क्रिसमस हमें कुछ बेहद महत्वपूर्ण वैश्विक प्रेरणाएं देता है। आज क्रिसमस के साथ चैरिटी, फूड डाइव्स, शेल्टर होम्स और ऑनलाइन फंड रेजिंग जुड़ चुके हैं। लोग यह समझने लगे हैं कि सच्चा उत्सव तभी है, जब खुशियां दूसरों के संग बांटी जाएं। क्रिसमस अब सिर्फ ईसाइयों का पर्व नहीं रह गया। गैर-ईसाई समाज भी इसे एक मानवीय और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाता है, जो विविधता में एकता का संदेश देता है। युद्ध, संघर्ष और अस्थिरता के वर्तमान दौर में क्रिसमस का 'पीस ऑन अर्थ' वाला विचार, पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। यह हमें याद दिलाता है कि शांति कोई अमूर्त सपना नहीं बल्कि रोजमर्रा के छोटे व्यवहारों से भी संभव है।



## महत्वपूर्ण है अर्थपूर्ण उत्सव

यह सच है कि आधुनिक क्रिसमस में बाजार का प्रभाव बढ़ा है- सेल्स, ऑफर्स और ब्रांडिंग हर जगह दिखती है। लेकिन इसके समानांतर एक नई सोच भी उभर रही है, मिनिमल और अर्थपूर्ण क्रिसमस। आज कई लोग 'कम खरीदो, बेहतर जियो' के विचार के साथ क्रिसमस मना रहे हैं। हैंडमेड गिफ्ट्स, अनुभव आधारित उपहार (जैसे समय देना, साथ घूमना) और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार सजावट। ये बदलाव बताते हैं कि खुशी की अतिरिक्त परतें दिखावे से नहीं, सार्थकता से आती हैं।

### क्रिसमस मनाने के ऐतिहासिक-धार्मिक संदर्भ

क्रिसमस ईसाई धर्म का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे यीशु मसीह के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। ईसाई मान्यता के अनुसार यीशु का जन्म मानवता को पाप, हिंसा और अन्याय से मुक्ति दिलाने के लिए हुआ था। बाइबिल की कथा के अनुसार, यीशु का जन्म बेथलेहम में एक गौशाला में हुआ, जहां उनकी माता मरियम ने उन्हें जन्म दिया और यूसुफ उनके संरक्षक थे। यह कथा ईसाई धर्म में विनम्रता, त्याग और करुणा का मूल प्रतीक मानी जाती है। 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाने की परंपरा यीशु के जन्मदिन से जुड़ी है। इतिहासकारों के अनुसार चौथी शताब्दी में रोमन साम्राज्य ने 25 दिसंबर को यीशु के जन्म दिवस के रूप में स्वीकार किया। इसका एक कारण यह भी था कि इसी समय रोम में 'सैटर्नेलिया' और 'सोल इन्विक्टस' जैसे सूर्य-उत्सव मनाए जाते थे। ईसाई धर्म के प्रसार के दौरान इन लोकप्रिय पर्वों को एक नए धार्मिक अर्थ के साथ जोड़ा गया, जिससे क्रिसमस व्यापक रूप से स्वीकार्य हो सका।

धार्मिक दृष्टि से क्रिसमस सिर्फ जन्मोत्सव नहीं बल्कि ईश्वर के प्रेम के अवतरण का प्रतीक है। ईसाई आस्था के अनुसार यीशु 'ईश्वर के पुत्र' हैं, जो मानव रूप में धरती पर आए ताकि प्रेम, क्षमा और दया का संदेश दे सकें। इसी कारण क्रिसमस के दौरान चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं, मध्यरात्रि मिस्सा, कैरोल गायन और बाइबिल पाठ किए जाते हैं।



### क्रिसमस सेलिब्रेशन से जुड़ी परंपराएं

क्रिसमस को पारंपरिक रूप से एक धार्मिक, पारिवारिक और सामुदायिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसकी तैयारियां एडवेंट काल से शुरू होती हैं, जो क्रिसमस से लगभग चार सप्ताह पहले आता है। इस दौरान लोग आत्मचिंतन, प्रार्थना और संयम पर ध्यान देते हैं। कई परिवार, घरों में एडवेंट कैंडल जलाते हैं, जो आशा और प्रकाश का प्रतीक मानी जाती है। घरों और चर्चों की सजावट, क्रिसमस की सबसे प्रमुख परंपरा है। क्रिसमस-ट्री सजाना भी इसका प्रमुख अंग है, जिसे रोशनी, सितारों, घंटियों और सजावटी गेंदों से सजाया जाता है। ट्री के ऊपर लगाया जाने वाला तारा बेथलेहम के उस तारे का प्रतीक है, जिसने तीन ज्ञानी पुरुषों को यीशु के जन्मस्थल तक पहुंचाया था। साथ ही कई स्थलों पर नैटिविटी सीन (यीशु के जन्म का दृश्य) लगाया जाता है। क्रिसमस ईव (24 दिसंबर की रात) को चर्चों में मिडनाइट मास होती है, जिसमें प्रार्थना, बाइबिल पाठ और सामूहिक कैरोल्स गाए जाते हैं। क्रिसमस के दिन परिवार और मित्र एक साथ मिलते हैं, विशेष भोज का आयोजन होता है और एक-दूसरे को उपहार दिए जाते हैं। बच्चों के लिए सांता क्लॉज की परिकल्पना खास आकर्षण होती है, जो उदारता और खुशी बांटने का प्रतीक है।

## सकारात्मक प्रेरणाओं का उत्स

आज के संदर्भ में क्रिसमस हमें तीन सबसे सकारात्मक बातें सिखाता है।

**उम्मीद:** चाहे दुनिया कितनी भी अनिश्चित क्यों न हो, क्रिसमस उम्मीद का पर्व है। यह नए सिरे से शुरू करने की प्रेरणा देता है।

**रिश्तों की प्राथमिकता:** यह पर्व याद दिलाता है कि जीवन की असली पूंजी हमारे संबंध हैं, न कि भौतिक उपलब्धियां।

**मानवीय गरिमा:** क्रिसमस का मूल संदेश- प्रेम, क्षमा और करुणा, आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पहले था। कहने का सार यही है कि इक्कीसवीं सदी में क्रिसमस फेस्टिवल का रोमांच बाहरी चमक से ज्यादा आंतरिक अर्थ में बसता है। हमारी खुशियां शायद अधिक सजावटी नहीं हुईं, लेकिन अधिक सजग जरूर हुई हैं। *

अमेजिंग / शिखर चंद जैन

# दुनिया के सबसे अनूठे क्रिसमस-ट्री

क्रिसमस के अवसर पर दुनिया भर में बेशुमार क्रिसमस ट्री सजाए जाते हैं। लेकिन कुछ क्रिसमस ट्री इतने अनूठे तरीके से सजाए जाते हैं कि उनकी भव्यता देखते ही बनती है। यहां हम आपको दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग क्रिसमस ट्री के बारे में बता रहे हैं।



क्रिसमस का उत्सव क्रिसमस-ट्री के बिना अधूरा है। वैसे तो क्रिसमस-ट्री वास्तव में पाइन, डगलस, बालसम या फर का पेड़ होता है। ये पेड़ सदा हरे-भरे रहते हैं इसलिए इन्हें सजावट के लिए चुना जाता है। लेकिन दुनिया भर में अलग-अलग चीजों के उपयोग से एक से बढ़कर एक कृत्रिम क्रिसमस-ट्री भी खूब बनाए और सजाए जाते हैं। आइए जानते हैं कुछ अनूठे क्रिसमस-ट्री के बारे में।

**टंबलवीड ट्री यूएसए:** चांडलर, संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना राज्य में मैरिकोपा काउंटी में स्थित एक शहर और फीनिक्स का एक उपनगर है। यह तकनीक और नवाचार का एक प्रमुख केंद्र है। यहां टंबलवीड-ट्री नामक प्रसिद्ध क्रिसमस-ट्री है, जिसे हर साल एक खास परंपरा के तहत बनाया जाता है। 1957 से चली आ रही इस परंपरा में हजारों टंबलवीड्स और रोशनी का उपयोग होता है। इसकी शुरुआत तब हुई, जब आग लगने से शहर की क्रिसमस की सजावट नष्ट हो गई थी। तब लोगों ने इस अनूठे पेड़ का इस्तेमाल किया था। यह पारंपरिक क्रिसमस-ट्री की तरह नहीं है, बल्कि सूखी झाड़ियों (टंबलवीड्स) को इकट्ठा करके बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए लगभग 1,000 से अधिक टंबलवीड्स और 1,200 रंगीन बल्बों का उपयोग किया जाता है।



**बिग क्रिसमस-ट्री इटली:** यह दुनिया के सबसे अनूठे और सबसे ज्यादा लाइटों वाले क्रिसमस-ट्रीज में शामिल है। इटली के गुब्बीओ में माउंट इजिनो पर बना यह विशाल-ट्री 1981 से मौजूद है। यह दुनिया के सबसे बड़े क्रिसमस-ट्री के रूप में जाना जाता है, जिसे 1991 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था। यह माउंट इंगिनो की ढलान पर हजारों लाइटों और 7.5 किमी लंबे बिजली के तार से बना एक भव्य लाइट डेकोरेशन से बनता है, जो एक विशाल क्रिसमस-ट्री का आकार लेता है। इसकी ऊंचाई लगभग 750 मीटर और आधार पर चौड़ाई 450 मीटर होती है। इसे आमतौर पर 7 दिसंबर से 6 जनवरी तक सजाया जाता है। हर साल क्रिसमस के समय हजारों पर्यटक इसे देखने आते हैं।



**स्काई ट्री जापान:** क्रिसमस के अवसर पर जापान के टोक्यो में कई प्रसिद्ध क्रिसमस ट्री और लाइट-अप शोज डेकोरेट किए जाते हैं, जिनमें टोक्यो स्काई-ट्री का विशालकाय क्रिसमस-ट्री भी शामिल है। टोक्यो स्टेशन के मारुनोउची क्षेत्र के पास किट्टे बिल्डिंग के बाहर जापान का यह सबसे बड़ा क्रिसमस-ट्री सजाया जाता है। यह 14 मीटर ऊंचा है। इसे आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। यहां लगभग 500,000 बल्ब्स का शो आयोजित होता है, जो 'क्विंकल थ्री स्टार्स' और अन्य लाइट-अप थीम के साथ प्रदर्शित किया जाता है। किट्टे बिल्डिंग टोक्यो में सबसे ऊंची इमारत है, जो इसका प्रतीक चिन्ह भी बन गया है। इनके निकट ही स्थित ग्योको-डोरी स्ट्रीट और नाका-डोरी स्ट्रीट को भी उत्सव की रोशनी से सजाया जाता है। इसके अतिरिक्त क्रिसमस के अवसर पर यहां के ओमोतेसांडो, रोपोंगी और ओडेबा जैसे कई क्षेत्रों में सुंदर लाइटिंग डिस्प्ले आयोजित किए जाते हैं।



### रॉकफेलर सेंटर क्रिसमस-ट्री यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका

रॉकफेलर सेंटर क्रिसमस-ट्री, 3 दिसंबर की शाम से ही आम लोगों के देखने के लिए अपनी सजधज के साथ रेडी हो जाता है। यह 75 फुट ऊंचा नॉर्वे स्प्रूस पेड़ है, जो ईस्ट ग्रीनबुश, न्यूयॉर्क से लाया गया है। इसे मैनहट्टन के मध्य में 30 रॉकफेलर प्लाजा में सजाया जाता है। यह 10 जनवरी तक देखने के लिए उपलब्ध रहता है। 2004 से स्थापित यह क्रिसमस ट्री 30,000 एलईडी लाइटों से रोशन होता है, जो सौर पैनलों से चलती हैं। 2007 से इस पर 550 पाउंड का स्वारोवस्की क्रिस्टल स्टार लगा हुआ है।

**ओरिगामी क्रिसमस-ट्री यूएसए:** न्यूयॉर्क का वर्ल्ड फेमस ओरिगामी क्रिसमस-ट्री, किसी भी दूसरे क्रिसमस-ट्री से अलग है। यह अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री (एएमएनएच) में मौजूद है। यह लगभग 13 फीट लंबा पेड़, कागज से बने हुए जानवरों, जड़ी-बूटियों और अन्य आकृतियों से सजाया जाता है, जो ओरिगामी कलाकारों द्वारा बनाए जाते हैं। विभिन्न प्रकार के ओरिगामी रंगों में सजा यह पेड़ देखने में बहुत आकर्षक और बेहद रंगीन लगता है। *






कविता / हेमधर शर्मा

## कृतज्ञता और कृतघ्नता

जो देता है हम उसे देवता कहते हैं
फिर क्यों हरदम लेने की
इच्छा रखते हैं?
जड़ जिन्हें समझते हैं हम
पौधे-पेड़ सभी तो देते हैं
फिर याचक बनकर ही
खुश क्यों हम रहते हैं?
हो सकता है हों बुद्धिमान हम
दुनिया में सबसे ज्यादा
खुदगर्ज बनाए लेकिन जो
क्या बुद्धि उसी को कहते हैं?
लेता है कोई काम अगर
प्रतिदान नहीं देता है तो
अन्यायी उसे समझते हैं
फिर जड़-चेतन सबसे लेकर
मन में कृतज्ञ भी हो न सके
ऐसा कृतघ्न मानव बनकर
कैसे हम सब जी लेते हैं?

व्यंग्य / सूर्यकुमार पांडेय

अपने यहां आजकल जो भी होता है, कैमरे के सामने ही होता है। इसकी एक चमक के आगे दुनिया की हर चमक-दमक फीकी है। कैमरा नहीं, तो शादी-ब्याह तक में भी किसी की कमर न लचके।

## कैमरों की चमकती चंचल चाहतें




अपने यहां आजकल जो भी होता है, कैमरे के सामने ही होता है। इसकी एक चमक के आगे दुनिया की हर चमक-दमक फीकी है। कैमरा नहीं, तो शादी-ब्याह तक में भी किसी की कमर न लचके। वह तो यह कैमरा ही है, जिसके आते ही तमाम बाराती नागिन हो जाते हैं और उनकी रूमाल से अपने आप ही बीन की धुनें निकलने लग जाती हैं। सोचता हूं, कहीं कल जंगल में मोर भी यह कहकर नाचने से इनकार न कर दें कि इधर कैमरे तो हैं ही नहीं। जब कोई फिल्म ही नहीं बन रहा, तो फिर जंगल में ऐसे नाच का आखिर फायदा भी क्या?

धरना, प्रदर्शन, अनशन, घेराव, रैली, भाषण, चुनाव, सबको कैमरे चाहिए। वह भी ऐसे-वैसे नहीं, समाचार चैनलों वाले। एक नहीं, अनेक। हर कोण से कवरेज जरूरी है। जिस काम को दुनिया न देखे, वह काम भी किस काम का? जिन्हें इन कैमरों से ज्यादा लगाव होता है, ऐसे साहसी लोग गुप्त कैमरों से भी भय नहीं खाते। यह जानते हुए कि जमाना स्टिंग ऑपरेशन का है और कभी भी धरे जा सकते हैं, वे तब भी अपना असली काम कर ही डालते हैं।

'आप कैमरे की नजर में हैं।' मैं जहां कहीं पर भी यह बोर्ड लगा देखता हूं, मुझे हंसी आने लगती है। ऐसे बोर्ड चोर को पकड़ने के लिए लगाए गए होते हैं कि उन्हें सहयोग करने के लिए कि यहां हरकत की, तो तू पकड़ा जा सकता है। जा, बिना कैमरे वाली जगह तलाश। मैं सोचता हूं, यदि चोर भी सीसीटीवी कैमरों से भयग्रस्त होकर अपना चौर्य-कर्म त्याग चुके होते, तो हम आए दिन चोरी की वारदात की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को तरस जाते। क्या पता, कैमरा उन्हें नया उत्साह देता हो। अब तो कैमरों को प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की दरकार भी नहीं रही। सभी के हाथों में मोबाइल कैमरे हैं और सेल्फियों की चमकती हुई चंचल चाहतें। इसके एकनेत्री स्वरूप पर आज पूरा विश्व मोहित है। तभी तो, युद्ध हो या शांति, लोग अपनी आंखों से अधिक इन कैमरों की दिखलाई हुई चीजों पर विश्वास करने लगे हैं। *

लघुकथा / चंद्रप्रकाश डाले

## उपेक्षा के आंसू


एआई इमेज

अस्पताल में चार दिनों से भर्ती सविता जी ने नर्स से पूछा, 'सिस्टर, मेरा बेटा आया था क्या?'

नर्स बोली, 'अरे माता जी, आप चार दिन से यही रट लगाए हैं कि बेटा आया है क्या, अरे आज तो आपकी छुट्टी होने वाली है।'

मां की आंखों में आंसू आ गए। रुंधे गले से बोलीं, 'मैं उसकी मां हूं ना। मैंने बड़ी तकलीफ, त्याग और तपस्या से उसको पाला है। इसलिए बार-बार उसके बारे में पूछती हूं। खैर, कोई बात नहीं।'

नर्स बोली, 'माता जी, बस आप तैयार हो जाइए, अस्पताल से छुट्टी मिल गई है, अब आपको घर जाना है, अपने बेटे के पास। आपके बिल वगैरह सब बन गए, उसका पेमेंट भी मिल चुका है।'

सविता ने फिर पूछा, 'मेरा बेटा लेने आया है क्या?'

'नहीं माता जी, ड्राइवर गाड़ी लेकर आया है।' नर्स ने बताया।

कुछ न कहकर, आंखों में आंसू छुपाते हुए सविता जी गाड़ी में बैठकर घर पहुंच गईं, लेकिन बेटे की उपेक्षा से खुद को थका हुआ और निराश महसूस कर रही थीं।

कुछ देर बाद ही बहू के मायके से फोन आया कि उसकी मां की तबियत खराब हो गई है। बहू ने तत्काल अपने पति को ऑफिस में फोन किया और बोली, 'आप तुरंत घर आ जाइए, मेरी मां की तबियत बहुत खराब है। और सुनो चार-पांच दिनों की छुट्टी भी ले लेना। मां को अस्पताल में भर्ती कराकर उनकी देखभाल के लिए वहां रुकना होगा।'

सासु मां की तबियत की खबर सुनकर सविता जी का बेटा तत्काल घर आ गया और जल्दी से तैयार होकर अपनी पत्नी के साथ ससुराल जाने लगा। दरवाजे से बाहर निकलते हुए जैसे उसे कुछ याद आया और वह पलटकर अपनी मां से बोला, 'मां, हम दोनों चार-पांच दिन के लिए जा रहे हैं। आप घर का ख्याल रखना।'

मां ने उन दोनों को जाते हुए देखा। मायूस होकर पास रखी कुर्सी पर बैठ गई। सोचने लगी, अस्पताल में भी वह अकेली थी, अब घर में भी अकेली है। साथ में थे तो सिर्फ आंसू। उपेक्षा से उपजे आंसू। *




पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## अंतस को छूते गीत

वरिष्ठ साहित्यकार ओम निश्चल के गीतों का नया संग्रह 'तुम्हें मीर के एक मिसरे से छू लूं' हाल में छपकर आया है। आज के दौर में जब छंदमुक्त कविताओं की बाढ़ आई हुई है, ऐसे में अत्यंत कोमलता को खुद में समेटे हुए, रुई के फाहे-से ये गीत हमारी रूह को हौले से छू लेते हैं। इन गीतों में खास तौर पर प्रेम के अनेक रंग तो पैबस्त हैं ही, इनके साथ ही जीवन की विडंबनाएं, अलग-अलग ऋतुओं का सौंदर्य, खेती-किसानी, मिट्टी का सोंधापन, सांस्कृतिक नगरों की छटा, पारंपरिक पर्वों की आभा, ईश्वर के प्रति अहैतुक आस्था और कुछ अनकहे से रिश्तों की खुश्बू को भी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। गीतों के रचाव और शब्दों के चयन में ओम जी प्रयोगधर्मी रहे हैं, किसी भाषा को लेकर उनकी रचनात्मकता में कोई हठधर्मिता नहीं दिखती है। इसके साथ ही वे पढ़ने वाले के अंतस में भावनाओं का अप्रतिम प्रतिसंसार भी रचते चलते हैं। इसकी बानगी संग्रह के कई गीतों में देखी जा सकती है। अतीत में घटित प्रेम को बेहद मार्मिकता से वे शब्दों में पिरोते हुए कहते हैं, *'पलकें बोझिल और उनींदी रातें होती थीं/बरसों पहले तुमसे कितनी बातें होती थीं।'* तो कहीं जीवन की क्रूरता के समक्ष विवश मन कराह उठता है, *'प्रार्थना में फूल, मन में अर्घ्य देकर/लौट आए डबडबाई आंख लेकर।'* कहीं अपने आराध्य प्रभु की भक्ति में गीतकार का मन पुलकित होकर गा उठता है, *'दीप घर-घर जले हैं अवध में पिया/आज लौटे अयोध्या में रघुवर-सिया।'* तो कहीं प्राचीन नगर के सांस्कृतिक वैभव को देखकर वे अंतस के उल्लास को व्यक्त करने से रोक नहीं पाते, *'काशी के घाट निराले, रे भैया/काशी के घाट निराले।'* और प्रेम मिलन को व्यक्त करती ये पंक्तियां तो बेमिसाल हैं, *'पलकों को होठों की धड़कन से छू लूं/सुनाऊं गजल कोई गालिब की तुमको/तुम्हें मीर के एक मिसरे से छू लूं।'* *

पुस्तकः तुम्हें मीर के एक मिसरे से छू लूं (गीत-संग्रह), रचनाकारः ओम निश्चल, मूल्यः 300 रुपए, प्रकाशकः हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वैकेंसी

## सीबीएससी में ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर रजिस्ट्रेशन अब 27 तक

**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर होने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 22 दिसंबर से बढ़ाकर 27 दिसंबर 2025 कर दिया है। उम्मीदवारों के पास अब सीबीएसई में ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर आवेदन करने के लिए ज्यादा दिनों का समय है। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे तय समयसीमा से पहले ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अवश्य पूरा कर लें, अन्यथा सीबीएसई की ओर से उम्मीदवारों को आवेदन करने का दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। उम्मीदवारों की आयु-सीमा की गणना 22 दिसंबर 2025 के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। हालांकि विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। ग्रुप-ए के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास बीएड, एमएड या इकोनॉमिक्स, कॉमर्स, अकाउंट आदि विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। ग्रुप-बी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए। ग्रुप-सी के पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।




आयोजन

## अय्यप्पा पूजा में व्रती साधक होंगे शामिल सुमुख मंदिर में आज होगी स्वामी की पूजा





**बिलासपुर।** रेलवे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में रविवार 21 दिसंबर रविवार को स्वामी अय्यप्पा का पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें स्वामी अय्यप्पा के 42 दिन व्रत रखने वाले साधक, सबरीमाला केरल जाकर आए व्रतधारी शामिल होंगे। यह पूजा प्रतिवर्ष दिसंबर माह में रखी जाती है। स्वामी अय्यप्पा की पूजा का संपूर्ण कार्यक्रम दुर्ग से आए श्री सेतु रमन गुरु स्वामी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। प्रातः 8 से साढ़े 8 बजे तक अभिषेकम्, प्रातः साढ़े 8 से 9 बजे तक स्वामी अय्यप्पा का अलंकार, 9 बजे से साढ़े 9 बजे तक सहस्त्रनाम अर्चना, साढ़े 9 से 12 बजे तक रामायण व बालाजी मंदिर की भजन मंडली व स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 से साढ़े 12 बजे तक स्वामी अय्यप्पा की सीढ़ी पूजा एवं महाद्वीप आराधना की जाएगी।

कार्यक्रम

## चालीहा महोत्सव में झूलेलाल महिला सखी सेवा ने किया धुनी का आयोजन



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे चालीहा महोत्सव के 26वें दिन की धुनी का आयोजन झूलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप ने किया। महोत्सव में राजकोट गुजरात के संत सांई भरत लाल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान झूलेलाल, बाबा गुरमुख दास की प्रतिमा पर पुष्पहार चढ़ा, दीप प्रज्ज्वलित कर आरती की गई। अनिल पंजवानी व गौरव ने भगवान हनुमान पर आधारित भजन गाए। बाबा गुरमुख दास सेवा समिति रायगढ़ से आए 50 लोगों के जत्थों भजन कीर्तन पेश कर माहौल को आध्यात्ममय बनाया। छोटी बच्चियों ने भक्ति भरे भजनों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। बाबा गुरमुख दास सेवा समिति के सदस्यों ने राजकोट से आए संत का पुष्पहार से स्वागत किया। महिला समिति ने आरती उतार कर पुष्प वर्षा की। सांई लालदास ने सांई भरत लाल का अभिवादन किया।

स्पोर्ट्स

## हॉकी स्पर्धा में सेजेस स्कूल के लोमेश मयंक करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**बिलासपुर।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक हॉकी प्रतियोगिता टीकमगढ़ मध्यप्रदेश में 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लिंगियाडीह के खिलाड़ी लोमेश केवट और मयंक वर्मा का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में हुआ है। विद्यालय के व्यायाम अनुदेशक धनीराम यादव ने बताया कि विद्यालय द्वारा हॉकी का निशुल्क प्रशिक्षण खिलाड़ियों को नियमित रूप से दिया जाता है। विद्यालय से हर वर्ष बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते हैं अभी हाल ही में विधायक सुशांत शुक्ला ने विद्यालय के खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक प्रदान की थी। टीम में समर करियारे, शौर्य गढ़ेवाल, प्रताप गढ़ेवाल, यांशु केवट, लोमेश केवट, मयंक वर्मा, नक्श देवांगन, दक्ष चौबे, निखिल यादव, रूपेंद्र कुमार साहू, युवराज साहू ,देवेंद्र मानिकपुरी ,दुर्ग ,यथार्थ ध्रुव, कृष टांडी रायपुर, अतीप लकड़ा, सुबोध राम साकेत, खलखो सरगुजा, शिव शंकर पोयम बस्तर शामिल हैं।





# मेले में लोगों ने चखा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद






विप्र शिरोमणी भगवान परशुराम एवं मां अन्नपूर्णा की कृपा से अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला संग हाट का आयोजन किया गया है। इसमें लोगों ने ज्वेलरी, फूड, कपड़े सहित अन्य कई चीजों के लगे स्टाल में जाकर खरीददारी की एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद चखा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएमडी कॉलेज प्रांगण में आयोजित इस मेले का शुभारंभ दोपहर 12 बजे दीप प्रज्जवलित एवं माता अन्नपूर्णा की आराधना के साथ किया गया। नारी शक्तियों ने अपना उद्बोधन दिया।

प्रथम दिवस का मेला शनिवार को दोपहर 12 बजे से रात 11 बजे तक चला। इस बीच हजारों लोग मेला पहुंच कर मेले का आनंद लिया एवं अपने पसंद की चीजों की खरीददारी की। दोपहर में हुए विविध कार्यक्रमों के परिणाम की घोषणा कर पारितोषिक वितरण किया गया। शाम को अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन हुआ। रात्रि में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ी लुक में रैम्प वॉक किया। इसका सभी ने आनंद लिया।

### बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा



मेले में बच्चों ने पारंपरिक वेश में एकल व समूह नृत्य पेश कर सांस्कृतिक छटा बिखेरी। लिटिल किड्स सरकंडा के नन्हें बच्चों ने 12 मासी त्यौहार चैत्र से फागुन तक की बेहतरीन प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का जमकर मनोरंजन किया। गीत-छेर के छेरा छेर.., हमर पारा, तुंहर पारा.., तरी हरी नाना, मोर नह ना सुआ रे.., आगे-आगे राम चले, पिछे में लक्ष्मण भाई.., घर-घर में बसे हे गुरु बाबा के नाम.., चइत में चम-चम चमके जोत हो.., आमा पान के पतरी, करेला पान के दोना वो.., मन डोले रे मान फगुनवा..की धुन के बीच छेरछेरा नृत्य, कर्मा, सुआ, राउत नाच, पंथी नृत्य, फागुन तिहार नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इन बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए शाला की प्राचार्य, शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। इसके अलावा नाट्य मंचन भी किया गया। एकल नृत्य सहित अन्य प्रस्तुतियां भी दी गई।

### छत्तीसगढ़ी व्यंजन मेला संग हाट का आगाज



### महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

अतिथि शेषराज हरवंश विधायक पामगढ़, पूजा विधानी महापौर, सीमा राजेश शुक्ला पार्षद, रेखा पाण्डेय पार्षद, संध्या तिवारी, प्रभाती शर्मा, मंजू पाण्डेय, श्वेता गौरहा, स्वाती राज गुप्ता, छाया जैन, वत्सला अपूर्व तिवारी, संज्ञा टण्डन, लता राठौर, दीप्ति दीक्षित ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से लोकल प्रोडक्ट को रिस्पांस मिलता है और इस प्रोडक्ट को बनाने वाली महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं हैं। अध्यक्षता पं. योगेश तिवारी ने की।

### संदेशात्मक मॉडलों की आज लगाई जाएगी प्रदर्शनी

मेला के दूसरे दिन 21 दिसंबर रविवार को शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक मेला चलेगा। शाम 4 बजे कौशल्या विष्णु देव साय द्वारा माता अन्नपूर्णा के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे रंगारंग कार्यक्रम होगा। इसमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाट्य मंचन एवं बच्चों का आकर्षक कार्यक्रम होगा। स्कूलों से आए मॉडलों की प्रदर्शनी की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। शाम 6 से 8 बजे तक अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन होगा। रात 8 बजे अतिथियों एवं निर्णायक मंडलों द्वारा विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया जाएगा।

### ये रहेंगे अतिथि

द्वितीय दिवस के अतिथियों में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल विधायक, बिलासपुर, अतिविशिष्ट अतिथि पवन साय प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, प्रदीप शर्मा नगर संघ चालक आरएसएस बिलासपुर, पं. शशांक शर्मा अध्यक्ष साहित्य अकादमी, श्रीकांत पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली, पवन पाण्डेय सभापति जनपद पंचायत मुंगेली, पं. संजय दुबे चेयरमेन सीएमडी कॉलेज, पं. संजय शर्मा चेयरमेन डीएलएस कॉलेज, डॉ प्रदीप शुक्ला अध्यक्ष छ.ग. ब्राम्हण विकास परिषद होंगे। अध्यक्षता पं. योगेश तिवारी करेंगे।

# सांस्कृतिक विरासत बचाकर रखना देश के लिए आवश्यक : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हमारा देश विविधताओं से भरा है, हमारी देश की विशेषता यह है कि सात सौ वर्षों की दासता के बाद भी हमने अपनी संस्कृतियों को बचाकर रखा है। यह हमारे लिए आवश्यक है कि हम अपनी संस्कृति को कितना जीते हैं और हमारे देश को विकसित देश बनाने में यह मील का पत्थर साबित होगा।

यह बातें नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। उन्होंने कहा कि राजा के तीन कर्तव्य होते हैं पहला प्रजा की जानमाल की सुरक्षा, दूसरा उनके लिए सुख सुविधाओं का विस्तार करना तथा तीसरा अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना। यहां राजा का अर्थ राजा यह सरकार ही नहीं अपितु समस्त समाज के मुखिया की भी यही जिम्मेदार होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृष्णकुमार यादव ने कहा कि आज की शिक्षा हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले बच्चों से आह्वान किया आप निरंतर प्रगति के पथ पर चलने के लिए संघर्ष करते रहिए क्योंकि बिना संघर्ष के कुछ नहीं मिलता। रावत नाच महोत्सव समिति के संयोजक डॉ. कालीचरण यादव ने छात्रवृत्ति के संबंध में चयन और प्रदान करने की व्यवस्था को बताया। मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद शैलेन्द्र यादव ने कहा कि आज जो भी व्यक्ति सफलता के उच्च शिखर पर है उन लोगों ने अत्यधिक परिश्रम किया है। साहित्यकार बुधराम यादव ने श्रीकृष्ण के बताए हुए मार्ग पर चलने कहा। धन्नू यादव ने बच्चों को अत्यधिक मेहनत कर उच्चाधिकारी बनने प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सुशील यादव ने भी सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष यादव ने तथा स्वागत गीत किरण यादव ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्रकाश यादव, चंद्रिका यादव, विजय यादव, नरेन्द्र यादव, भरत यादव, तेरस यादव, विक्की यादव, दीपक यादव, छोटू यादव, दीपा यादव, रेवती यादव, टीकाराम यादव, उमेश यादव, कन्हैया यादव, अभिमन्यू यादव, सुरेश यादव, राजेश यादव, सुशील यादव, रामकुमार यादव, रामाधार यादव, सतीश यादव, आरएस यादव, नन्हे यादव, विजय यादव, छोटू विजय यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे।



### इन छात्रों को मिला छात्रवृति

इस आयोजन में यादव समाज के 24 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कुल 1 लाख रुपए की नकद राशि प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह किया गया। इसमें सामान्य वर्ग से 12 छात्रा एवं छात्र है कक्षा 12वी के छात्र वर्ग निशांत यादव, दिव्येश यादव, अर्जुन यादव व छात्रा वर्ग में कक्षा 12वी के महिमा यादव, नैना यादव, गरिमा यादव शामिल है। 10वीं के छात्र यशराज यादव, लक्ष्य यादव, आदित्य यादव, छात्रा वर्ग से राजमती यादव, रिया यादव, स्नेहा यादव, गोल परिवार से 12छात्रा एवं छात्रायें शामिल हैं। इसमें छात्र वर्ग 12वी का आयुष यादव,कोमल यादव, नीलेश यादव, छात्रा वर्ग के निशु यादव, सोनम यादव, चांदनी यादव, 10वी के छात्र प्रतीक यादव, छवि यादव, ओमकार यादव, छात्रा वर्ग के मुस्कान यादव, टिंकी यादव, जया यादव जिन्हें हायर सेकेण्डरी के 12 छात्र/ छात्राओं को पांच-पांच हजार तथा हाई स्कूल के 12 छात्रों को तीन-तीन हजार की नकद राशि कुल 1 लाख रुपए किया गया। चयन समिति के समिति के सदस्यों में कालीचरण यादव ,मनी राम यादव, रामचरण यादव, संतोष यादव, उमेश यादव, विजय यादव, सुशील यादव भरत यादव आदि शामिल हैं।





## गड़रियों ने दिया प्रभु यीशु के जन्म का संदेश

**बिलासपुर।** मसीही समाज द्वारा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। दिसंबर माह में क्रिसमस से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गड़रियों ने मध्य रात्रि में यीशु के जन्म का शुभ संदेश दिया।

सीएमडी चौक चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट में पास्टर सुदेश पॉल समूह की जवान सभा ने मंगला चौक, भारतीय नगर, जरहाभाटा, डीपूपारा, तारबहार, रेलवे क्षेत्र, सिरगिट्टी, तोरवा, राजकिशोर नगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर यीशु के जन्म से संबंधित शुभ संदेश दिया। 22 एवं 23 दिसंबर को चर्च के सदस्यों द्वारा गड़रिया दल निकाला जाएगा जो नगर भ्रमण कर यीशु के जन्मोत्सव का संदेश देंगे। गड़रिया दल में पास्टर शामुएल वालेस, राहुल, मुकेश, प्रवीण, बोल्डी, राकेश, अविनाश, विवेक, अमित, ज्वॉयस, अनिमेष, अनिकेत, एडविन, एवलिन, विवेक, अमन, शशांक, आयुष, स्वप्निल, अनिस, कुणाल, नमन, शोभा, नम्रता, जोसपीन, रेणुका, खुशबू, सोनिया, रानी, प्रिया, स्वाती, जेनिफर, निवेदिता, पास्टर सुदेश पॉल की सहभागिता रही।

क्रिसमस ट्री कार्यक्रम रविवार 21 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें 12 वर्ष से छोटे बच्चों को ईनाम दिया जाएगा। गीत, कोरस, एक्शन सॉग के माध्यम से बच्चों को उत्साहित किया जाएगा।

न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ

# सभी विद्यार्थी भाग लेकर खेल प्रतिभा का करें प्रदर्शन: अग्रवाल

न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ शनिवार को किया गया। शुभारंभ बोर्ड का अनावरण कर ख़ुशी की प्रतीक गुब्बारे छोड़े गए। चेयरमेन अशोक अग्रवाल ने आयोजन के शुभारंभ की आधिकारिक घोषणा की और कहा कि सभी विद्यार्थी भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

कार्नर न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी स्थित न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज में 10 दिनों तक खेल गतिविधियां संचालित होगी। जिसमें भावी डॉक्टर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वार्षिक खेल आयोजन डेंटाथॉन 2025 का कालेज के चेयरमेन अशोक अग्रवाल ने आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए डायरेक्टर डीन और उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि सभी डेंटल स्टूडेंट्स खेल में भागीदारी निभा कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। यदि उन्हें कोई खेल नहीं खेलने आता है तब भी वे इसका आनंद ले सकते हैं। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल के साथ नन्हीं मेहमान मायरा और सावी उद्घाटन समारोह में शामिल हुई।

दस दिवसीय खेलकूद का आगाज रस्साकशी स्पर्धा से किया गया। खिलाड़ियों ने अपनी टीम को पहली जीत दिलाई। इसके साथ ही खेलों का रोमांच शुरू हुआ। डायरेक्टर के निर्देशन और डीन के नेतृत्व में आयोजन की तैयारी में पीडो विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी तिवारी, डॉ आंचल प्रधान, डॉ रविंद्र सोनी और डॉ स्वतंत्र श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। ज्ञात हो कि डेंटल स्टूडेंट को तनाव मुक्त रखने और उनमें छिपी प्रतिभा को आगे आने का अवसर देने इस वर्ष आयोजन को डेंटाथॉन नाम दिया गया है।






### विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

स्वस्थ्य रहने जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है। जिसके लिए डेंटल कॉलेज के सभी स्टूडेंट्स की इसमें भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे उनमें खेल को लेकर काफी उत्साह दिखा। ग्रुप इनविकटस, टीम टाइटंस, थंडरबोल्ट, डार्क नाइट्स में शामिल स्टूडेंट का जोश देखते ही बन रहा था। डीन डॉ राणा के. वर्गीस और प्रबंध डॉक्टर्स ने अशोक अग्रवाल और प्रियंका अग्रवाल का स्वागत किया और आयोजन की बधाई दी।

### प्रतिभा को नई पहचान देने का प्रयास

डीन डॉ राणा के. वर्गीस ने एजुकेशन में हेल्थ को अभिन्न अंग बताते हुए इसके प्रति कॉलेज प्रशासन को प्रतिबद्ध बताया। इंडोर और आउटडोर गेम्स के जरिए प्रतिभा को नई पहचान देने और उसमें निखार का यह प्रयास होराईजन डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स में उत्साह का नया संचार करेगा।

### सेहत के लिए स्पोर्ट्स शानदार जरिया

कॉलेज की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि मेडिकल सेक्टर हेल्थ को लेकर सजग रहता है। इसके लिए स्पोर्ट्स बेहद शानदार जरिया है। वार्षिक आयोजन का यह मौका एकदम विशेष है। जिसकी तैयारियां सभी ने मिलकर किया है।

## खबर संक्षेप

### एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल आज



**लोरमी।** नगर के हाईस्कूल मैदान में आईपीएल की तर्ज पर एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसका फइनल मुकाबला 21 दिसम्बर रविवार को 12 बजे खेला जाएगा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव मौजूद रहेंगे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संजू देवी भारतीय महिला कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित रहेंगी। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 20 दिसंबर शनिवार को यक्ष यंगस्टार और श्रेयांश सुपर स्ट्राइकर के बीच खेला गया, जिसमें यक्ष यंगस्टार ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल बागेश्वर धाम सारिसताल पथरिया और शेरा इलेवन कवर्धा के बीच खेला गया, जिसको जीतकर बागेश्वर धाम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दोनों टीमों के बीच फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी।

### श्रीरामचरित मानस सम्मेलन आज से



**मुंगेली।** श्रीराम चरित मानस सम्मेलन समिति की ओर से लगातार 24 वर्षों से श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष बीआरसाव विद्यालय मैदान में 21 से 29 दिसम्बर तक मानस सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। श्रीराम चरितमानस सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु अध्यक्ष तरुण किशोर सिंह, विनोद पुरी गोस्वामी, डॉ संजय गोस्वामी, किरण कुमार शर्मा, लखन सिंह राजपूत, नीलकंठ तिवारी, प्रभाकांत शर्मा, शैलेंद्र शुक्ला, कोमल शर्मा शिवकुमार राजपूत सहित समिति के समस्त सदस्य प्रयासरत हैं।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नियुक्त हुए हलीम

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश



अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से संगठनात्मक विस्तार किया गया है। इसी क्रम में जिले के सक्रिय कार्यकर्ता हलीम खान को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले सहित पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। हलीम खान लंबे समय से पार्टी संगठन और अल्पसंख्यक समाज के बीच समन्वय स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व के इस निर्णय को संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मेडिकल टीम ने दी चंद्रदास को श्रद्धांजलि



**लोरमी।** बांग्लादेश में हिन्दू भाई दीपू चंद्रदास के साथ बांग्लादेशी इस्लामी कट्टरपंथियों ने बेरहमी से मारपीट करते हुए आग में जलाकर निर्मम हत्या कर दी। मेडिकल टीम के द्वारा कैंडल जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर शहीद दीपू चंद्रदास को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए इसे इस्लामी कट्टरपंथ का कायराना कृत्य बताया, तथा उनकी भर्त्सना की। इस अवसर पर मेडिकल टीम अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, अशोक जायसवाल, अवधेश राजपूत, रामगोपाल अग्रवाल, राजेंद्र साहू, अलोक शिवहारे, नरेन्द्र श्रीवास, चंद्राकर, जीवन साहू, पंकज ठाकुर, जीतेन्द्र राजपूत आदि उपस्थित थे।

### भौंहाकापा में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख की घोषणा

# संत किसी एक नहीं, पूरे मानव समाज के मार्गदर्शक: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सकरी

संत किसी एक समाज के नहीं होते, अपितु वे पूरे मानव समाज के मार्गदर्शक होते हैं। बाबा गुरु घासीदास जी ने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश देकर सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया। उनका जीवन सत्य, अहिंसा और समानता का जीवंत उदाहरण है, जिसे अपनाकर ही सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है।

- बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक: मोहले

उक्त बातें तखतपुर विकासखंड के ग्राम भरनी एवं भौंहाकापा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज को अंधविश्वास, छुआछूत और असमानता से मुक्त करने के लिए जो मार्ग दिखाया, वह आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास जी ने मानवता को सर्वोपरि मानते हुए सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में भाईचारे और सौहार्द को मजबूत किया जा सकता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, बाबा गुरु घासीदास का संपूर्ण जीवन सामाजिक चेतना और जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कमजोर और वंचित वर्ग को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, सभापति भारती माली, राजमहंत पंडित उमादत्त घिलहरे, बिहारी सिंह टोडर, संजीव खांडे, सरपंच लक्ष्मी खांडे, साधना साहू, व्यास नारायण खांडे, अश्वनी भास्कर व पूर्व सरपंच संतराम लहरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दिलीप पात्रे, रामकुमार कुर्रे, संतराम खूंटे, भुलाऊं राम कुर्रे, वीरेंद्र टोडर, दुर्गा खूंटे, सत प्रकाश चतुर्वेदी, सुरेश बघेल, प्रद्युम्न पात्रे, रेशमलाल कुर्रे, रोहित बघेल, मनोज बघेल, उत्तरा खूंटे सहित बड़ी संख्या में सतनाम समाज के अनुयायी उपस्थित थे।



**सामुदायिक भवन के लिए दिए 10 लाख**

भौंहाकापा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में आयोजकों की मांग पर विधायक धर्मजीत सिंह ने सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने एवं आयोजन समिति को 10 हजार रूपए नकद राशि प्रदान की। ज्ञात हो कि, भरनी में राजमहंत उमादत्त घिलहरे की मांग पर मेला स्थल पर बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति दिलाई गई थी।



## एसएसपी को भेंट किया कोलाज

**मस्तूरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के बिलासपुर में पदस्थ होने के समय से लेकर वर्तमान तक मस्तूरी-मल्हार क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति से संबंधित 90 फोटोग्राफ्स का विशेष संग्रह उन्हें भेंट किया गया।

यह कोलाज एसपी कार्यालय में उपनिरीक्षक ओंकारधर दीवान, लेखक राजेश पांडेय ने रजनेश सिंह को भेंट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश पांडेय एवं चेतन तिवारी भी उपस्थित थे। अपने करीब 20 माह के कार्यकाल के विभिन्न कार्यक्रमों के छायाचित्रों को देखकर श्री सिंह अभिभूत हो गए एवं प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शीघ्र ही मां डीडीनेश्वरी के दर्शन हेतु मल्हार आने की इच्छा व्यक्त की है।

## पूस पूर्णिमा मेले को लेकर बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चितावर अमोरा में 3 जनवरी से आयोजित होने वाले पूस पूर्णिमा मेले के संबंध में चितावर सरपंच इंद्राणी देवा सिंगरौल की ओर से नर्मदा एवं मनियारी नदी के तट पर शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक आहूत की गई।

बैठक में शिव मंदिर की रंगाई पोताई, पुलिस व्यवस्था हेतु कलेक्टर, आईजी को लेटर देना, पुरानी राशि का हिसाब-किताब, मेला स्थल की साफ सफाई, 25 दिसंबर को दुकान के लिए लाइन, जर्जर भवन को तोड़ने, रोड सफाई, नदी डैम को खोलना, शांति व्यवस्था हेतु अपने अपने ग्राम पंचायत में मुदानी के माध्यक से सूचना देना ताकि शांति व्यवस्था करना आदि विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में मेला समिति अध्यक्ष बालाराम सिंगरौल, कृष्णकुमार पटेल, उपाध्यक्ष सुखदेव सिंगरौल, उपसरपंच प्रतिनिधि रज्जू यादव, याकूब कुमार अमोरा सरपंच, शकुन पटेल उपसरपंच, परदेशीराम धुरी पचबहरा सरपंच, रामकुमार सिंगरौल जनपद सदस्य, मनहरण कौशिक जनपद सदस्य, प्रेमलाल सिंगरौल मंडी अध्यक्ष मोछ, मोहनदास वैष्णव अंबिका प्रसाद, विजय प्रजापति, सुखनंदन पटेल, मकसूदन राजपूत, बिहारी कश्यप, राजकुमार वैष्णव, रंजीत गिरजाशंकर, रामचंद्र, रतन लाल, रामकुमार, उमेद, अमृत, शत्रुघ्न, लालू उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**मोपका।** समीपस्थ ग्राम गतौरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ रविवार 21 दिसंबर से होने जे रहा है। कथा व्यास रुचिता तिवारी अपने मधुर स्वर में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी। 21 दिसंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें साथ कथा आरंभ होगी। 25 और 26 दिसंबर को प्रसिद्ध पन्डवानी गायिका नीरा चक्रधारी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कथा का समापन 28 दिसंबर को होगा। आयोजक लक्ष्मीकांति राठौर, दशरथ सिंह राठौर, मंजू लता राठौर, धनंजय सिंह राठौर, दिव्या जन्मेजय राठौर, सुनीता राठौर, दिग्विजय सिंह राठौर, आरती राठौर, महेन्द्र राठौर, आस्था, आर्यन, तन्मय राठौर, सार्थक सिंह राठौर, आरूही राठौर, तान्या राठौर आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

## निधन

### देवी दयाल शर्मा



**बिलासपुर।** गोंड़पारा, खोवामंडी, कमल लॉज के पास रहने वाले देवी दयाल शर्मा का 20 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. रघुवीर प्रसाद शर्मा के छोटे पुत्र, शरद शर्मा, निलेश शर्मा, नीलू शर्मा, श्वेता शर्मा के पिता थे।

### लोकचंद बजाज



**बिलासपुर।** बजाज बिल्डिंग राजेन्द्र नगर निवासी लोकचंद बजाज का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 20 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. लक्ष्मीराम बजाज के सुपुत्र एवं श्यामलाल,रमेशकुमार बजाज के पिता थे।

### महा सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** हथनीकला निवासी महासिंह ठाकुर का 80 वर्ष की आयु में 20 दिसम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हथनीकला में किया गया। वे जीवन सिंह ठाकुर के पिता एवं टकेश्वर सिंह ठाकुर के दादा थे।

**अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों को किया गया लाभान्वित**

## सुशासन सप्ताह: कोना, देवरहट में लगा प्रशासन का शिविर

**जरहागांव।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के मार्गदर्शन में 'प्रशासन गांव की ओर' थीम पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए गांवों में शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ, जरूरी प्रमाण-पत्रों की सुविधा तथा जन शिकायतों का निवारण करना है। अभियान के तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम कोना, ग्राम देवरहट में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जनपद जिपं रामकमल सिंह परिहार, पवन पांडेय, देवचरण भास्कर सहित एसडीएम अजय शतरंज व अन्य अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और पात्र आमजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य, श्रम, मत्स्य, पशुपालन, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, राजस्व सहित विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आवास पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शिविर में मांग से संबंधित 280 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 75 का मौके पर ही निराकरण किया गया और शेष ओवदनों का भी नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम कोसमा के अभिषेक यादव ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत आज के शिविर में आवेदन करने पर मत्स्य जाल प्रदान किया गया है, जिससे उन्हें मछली रखने में आसानी होगी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।



### जिला राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी बने जय



**बोदरी।** राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ की जिला इकाई बिलासपुर का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर संत गाडगे भवन, जरहाभाठा, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर में आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, समाज में शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। इस दौरान जय रजक को राष्ट्रीय रजक महासंघ बिलासपुर का जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 4 हजार 945 परीक्षार्थी

**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में प्रतिवर्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में बच्चों का चयन किया जाता है। इस वर्ष 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए कुल 6 हजार 231 बच्चों ने पंजीयन करवाया था, जिसमें 4 हजार 945 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इस वर्ष परीक्षा में बैठने वालों परीक्षार्थियों का प्रतिशत 80 रहा, जो विगत कुछ वर्षों में की तुलना में सबसे अधिक है।



## आज से 23 तक पोलियो महाअभियान

**मुंगेली।** जिले में 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो महाअभियान का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि, पोलियो उन्मूलन की दिशा में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान 21 दिसम्बर को पोलियो बूथ में तथा 22 व 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने माता-पिता एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि, कि चाहे बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हो या सामान्य बीमारी से ग्रस्त हो, वे अपने सभी 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अनिवार्य रूप से पिलवाएं। उन्होंने कहा कि, बच्चों का स्वास्थ्य ही जिले और समाज के स्वस्थ भविष्य की नींव है। पोलियो जैसी बीमारी से पूर्ण मुक्ति तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस महाअभियान में सहभागिता निभाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, विश्व पोलियो उन्मूलन अंतर्गत जिले के 0 से 5 वर्ष के 1 लाख 19 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा।

## आवास योजना में अनियमितता जनदर्शन में की गई शिकायत

**पथरिया।** मुंगेली जिले के जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत रमतला में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़े के आरोप सामने आए हैं। मामले को लेकर ग्रामीण ने मुंगेली कलेक्टर के नाम जनदर्शन में शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण ने शिकायत के माध्यम से



बताया कि, ग्राम पंचायत रमतला में प्रधानमंत्री आवास योजना मे उनका नाम स्वीकृत हुआ था, जिसके बाद विभागीय लोगों के कहने पर उन्होंने अपना मकान तोड़कर आवास योजना के तहत नवीन मकान निर्माण शुरू किया। कुछ माह पहले उन्हें आवास की प्रथम किस्त की राशि भी प्राप्त हुई। हितग्राही ने मकान निर्माण चालू होने के बाद कर्ज लेकर मकान की छत डालने तक का निर्माण कार्य कराया, लेकिन लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी दूसरी किस्त की राशि के लिए वह जनपद पंचायत के चक्कर काट रहा है। आवास मित्र राशि खाते मे भेज देने की बात कहता है, लेकिन अभी तक राशि खाते में नहीं आई।

**कार्या.प.ह.नं.48, बहतराई रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर**
**सूचना**

प्रति,
(1) किरण यादव पति संतोष (2) नर्मदा प्रसाद साहू (3) रोहित कुमार (4) सीताराम साहू (5) बद्री प्रसाद साहू /मुखीराम।
**विषय:** सीमांकन में उपस्थित रहने बाबत्।
**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग. ज्ञापन क्र./क/तह./वा.2025 बिलासपुर दिनांक 12/11/2025 के परिपालन में।
**महोदय,**
विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका किरण यादव पति संतोष यादव निवासी चिंगराजपारा में अपने नाम से दर्ज भूमि मौजा बहतराई प.ह.नं.48 में स्थित भूमि ख.नं.484/55 रकबा 0.0141 हे. का सीमांकन हेतु तहसील न्याया. बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। प्राप्त ज्ञापन के परिपालन में उक्त भूमि की सीमांकन दिनांक 24/12/2025 दिन बुधवार को समय 12.00 बजे किया जाना है जिसमें आप सभी चौहद्दी धारकों को उक्त समय में उपस्थित होना अनिवार्य है।
**भारत सिंह राज**
**प.ह.नं.48, बहतराई, तह.बिलासपुर**

**कार्या.प.ह.नं.48, बहतराई रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर**
**सूचना**

प्रति,
(1) रोहित कुमार पिता साहेब लाल (2) नर्मदा प्रसाद साहू (3) किरण यादव (4) सीताराम साहू (5) सुंदर लाल साहू।
**विषय:** सीमांकन में उपस्थित रहने बाबत्।
**संदर्भ:** न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग. ज्ञापन क्र./क/तह./वा.2025 बिलासपुर दिनांक 12/11/2025 के परिपालन में।
**महोदय,**
विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक रोहित कुमार पिता साहेब लाल निवासी करणकापा में अपने नाम से दर्ज भूमि मौजा बहतराई प.ह.नं.48 में स्थित भूमि ख.नं. 484/54 रकबा 0.0141 है। का सीमांकन हेतु तहसील न्याया. बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। प्राप्त ज्ञापन के परिपालन में उक्त भूमि की सीमांकन दिनांक 24/12/2025 दिन बुधवार को समय 12.00 बजे किया जाना है। जिसमें आप सभी चौहद्दी धारकों को उक्त समय में उपस्थित होना अनिवार्य है।
**भारत सिंह राज**
**प.ह.नं.48, बहतराई, तह.बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्र./Q/तह./रा.नि./सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 15/12/2025
प्रति,
1. ए.डी.जी.रियाल्टी लि. द्वारा डाय. अनिल कुमार गुप्ता, पिता-शिव कुमार 2. राजेन्द्र जायसवाल 3. करुणा सिंह 4. अल्पना शर्मा 5. निसु गुप्ता 6. हसिम खान 7. अनिल कौशिक 8. श्री कौशिक 9. कृष्ण कुमार द्विवेदी 10. हरेन्द्र गिरी 11. सुमीत गिरी 12. पुष्पा रजक 13. विभूति सोनी 14. निर्मला देवी शर्मा 15. त्रिभुवन लाल त्रिपाठी 16. सुरेश कुमार श्रीवास्तव 17. आरती सिंह 18. अनिल कुमार साहू 19. सिद्धार्थ गुप्ता, पिता-दिनेश गुप्ता।
**विषय:** सीमांकन के समय उपस्थित होने बाबत।
**संदर्भ:-** न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक / क/ तह./ रीडर/ 2025 बिलासपुर, दिनांक 27/ 11/ 2025.
संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका ए.डी. जी.रि.लि.द्वारा डाय.अनिल कुमार, पिता-शिव कुमार गुप्ता निवासी तेलीपारा बिलासपुर द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.नं.35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 1323/2 रकबा 0.1938 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 22/12/2025 को समय 02.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
**टीप:**-विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।
**राजस्व निरीक्षक सरकण्डा**
**तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ / वाचक/ अति.-कले./ 2025
बिलासपुर, दिनांक : 09.12.2025
श्री संदीप कुमार श्रीवास आत्मज श्री रामनारायण श्रीवास उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मोढ़े पो.बेलसरी थाना व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी प्रिया पंद्राम आत्मजा श्री संतोष पंद्राम उम्र 26 वर्ष निवासी राजमहल चौक कवर्धा थाना व तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग.
द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा -5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया गया है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति /दावा इस कार्यालय में दिनांक 19-01-2026 को प्रातः 11.00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



संदीप कुमार श्रीवास



कुमारी प्रिया पंद्राम

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**
क/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 11/12/2025
प्रति,
देवी बाई जीवनानी पति स्व परस राम जीवनानी टीकम दास जीवनानी पिता स्व.परस राम जीवनानी अरुण कुमार जीवनानी पिता स्व परस राम जीवनानी, लक्ष्मी जीवनानी पति टीकम दास जीवनानी, शोभा देवी पति अरुण कुमार जीवनानी रवि टंडन पिता त्रिलोकीनाथ सुरेश कुमार जीवनानी पिता अटलमल जीवनानी मुरलीधर जीवनानी पिता स्व. घनश्याम दास जीवनानी विनोद कुमार जीवनानी पिता घनश्याम दास जीवनानी जानकी वर्मा पति स्व. अनिल कुमार वर्मा सुनील कुमार वर्मा पिता सूरज प्रसाद वर्मा सुधीर कुमार वर्मा पिता सूरज प्रसाद वर्मा जोगेंदर लाल पिता गोपीचंद सलूजा संजय कुमार पिता तिलकराम छबि मालाकार शंकर हनुमान पंचों सी नवीन कुमार अलोक कुमार पाल पिता अमलेंदु कुमार पाल कैलाशनाथ पिता शिवशंकर दवारिका वैष्णो अभिमन्यु मानिकपुरी पिता अर्जुन दास रीता लुईस संजय छाबड़ा सुशील कुमार सर्व संबंधित.....
**विषय:** सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
**संदर्भ:** कार्यालय कलेक्टर (भू अभिलेख शाखा) बिलासपुर का जापन क/108/ भू. अभि./ रा.नि.का. / 2025 बिलासपुर दिनांक 29/05/ 2025
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है की आवेविका देवी बाई जिवनानी पत्री स्व. परसराम जिवनानी निवासी तोरवा बिलासपुर छ ग द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.म.37 रा. नि. म. जुना बिलासपुर तह व जिला बिलासपुर छग स्थित भूमि खसरा नंबर 748/2 रकबा 0.015 है. ब.न 753/2 (754/2) रकबा 0.105 हे. ख..न. 759/1 रकबा 0.049 हे. ब.न. 748/14 (753/14) रकबा 0.040 हे. ब.नं. 748/58 (753/59) रकबा 0.020 हे. ब.नं. 754/4 रकबा 0.016 हे. ब.न. 755/4 (762/4) रकबा 0.004 है. ख.न. 759/2 रकबा 0.028 हे., 759/3 रकबा 0.113 है. ब.न. 760/4 रकबा 0.040 है. ब.न. 760/1 रकबा 0.097 है. 760/2 रकबा 0.024 हे. ख.न. 760/3 रकबा 0.024 है. ब.नं. 760/5 रकबा 0.012 है. के साथ साथ रवि टंडन पिता त्रिलोकीनाय की भूमि ब.न. 758/3 रकबा 0.44 एकड़ सुरेश कुमार जिवानानी मुरलीधर जीवनानी विनोद कुमार जीवनानी की सयुक्त भूमि खसरा नंबर 758/1 रकबा 0.50 एकड़ जानकी वर्मा सुनील कुमार वर्मा सुधीर कुमार वर्मा (स्व प्रेमा बाई के विधिक उत्तराधिकारी) की भूमि व.न. 758/2 रकबा 0.0160 है. संजय कुमार छाबड़ा की भूमि ब.न. 754/5 (755/5,762/5) रकबा 0.0160 है. जोगेंदर लाल सलूजा की भूमि ख.न. 754/6 (755/6,762/6) रकबा 0.0160 है. की भूमियो का संयुक्त सीमांकन श्रीमती गरिमा ठाकुर तहसीलदार बिलासपुर एवं श्री खेलेन्द्र सिंह यादव अधीक्षक भू-अभिलेख के नेतृत्व में दिनांक 22/12/2025 को समय 10.00 से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमे आप के उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः आपको सूचित किया जाता है की उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज से साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी ।
टिप:-1 इस सीमांकन के लिए कार्यालय कलेक्टर (भू अभिलेख शाखा) बिलासपुर द्वारा टीम गठन किया गया है। 2. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 3. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार //**
क्रमांक /क/तह./2025
बिलासपुर, दिनांक 19/12/2025
मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि जूना बिलासपुर प.ह.नं.36 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित /कृषि भूमि ख.नं. 12 रकबा 1056 वर्गफीट/ एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में गली दक्षिण में निस्तारी पूर्व में श्री अवधेश पाण्डेय पश्चिम में अजय पाण्डेय है, आवेदन अनुसार आवेदक/ उनके पूर्वज दिनांक......से काबिज होने से आवेदक /आवेदिका जितेन्द्र पाण्डेय पिता /पति स्व.माखन लाल निवासी जूना बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा कब्जा प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 05/01/26 को सुबह 11 बजे स्वयं अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 19/12/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गगन तिवारी पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, निवासी धर्म प्रकाश की चाल, मुंगेली नाका, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) जो कि भूमि स्वामी फर्स्टमैन एसोसिएट द्वारा पार्टनर मुर्तुजा हुसैन पिता हाजी गईयूर हुसैन, जाति-मुसलमान, निवासी-तुलीस नगर तालापारा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के स्वयं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि प.ह.नं. 21/35 रा.नि.म. बिलासपुर व तह. बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 374/1, रकबा 3054 वर्गफुट / 0.0280 हे. खसरा नं. 374/3 रकबा 10868 वर्गफुट/ 0.1010 हे. कुल रकबा 13922 वर्गफुट / 0.1290 हे. को क्रय करने का पक्का सौंदा कर इकरारनामा निष्पादित कराकर बयाना दे दिया गया है। उक्त भूमि को मेरे द्वारा क्रय किया जाना है तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री अपने नाम पर या किसी अन्य के नाम पर कराया जायेगा। उक्त भूमि के क्रय-विक्रय पर किसी भी संस्था, विकाय, बैंक शासकीय या अर्धशासकीय संस्था आदि किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो समाचार प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मुझसे संपर्क कर आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा भूमि मेरे पक्ष में रजिस्ट्री करने हेतु स्वतंत्रत है। उक्त समयावधि पश्चात दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।
**भवदीय**
**गगन तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी,**
**निवासी- धर्म प्रकाश की चाल मुंगेली नाका,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827184321**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार //**
क्रमांक /क/तह./2025
बिलासपुर दिनांक 16/12/2025
मौजा लिंगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा लिंगियाडीह प.ह.नं. 20/33 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित /कृषि भूमि ख.नं. 93/1 रकबा 3000 वर्गफीट/ एकड़ आवेदक /आवेदिका गुरमीत सिंह गंम्भीर पिता /पति स्व.संतोष सिंह गंभीर, निवासी टिकरापारा तहसील बिला. जिला बिला. (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 19159 की धारा 109, 110 के तहत तबादलानामा हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 05/01/26 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 16/12/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26
**पक्षकार:-** डा. गिरीश कुमार पाण्डेय पिता स्व. रामकृष्ण पाण्डेय वगैरह ....**आवेदकगण**....
**बनाम**
अभिषेक पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय
......**अनावेदक**
एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डा. गिरीश कुमार पाण्डेय पिता स्व. रामकृष्ण पाण्डेय वगैरह निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 02 प्लाट नं. 31/20 रकबा 6000 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदकगण एवं अनावेदक अभिषेक पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदकगण के व्दारा उक्त भूमि को मौखिक बंटवारा का यादाश्तनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 07/01/26 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।
आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**// उद्घोषणा //**
रा.प्र.क्र......... /ब-121/2025...26
ग्राम.....कोसमा....प.ह.नं. 04
एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी कोसमा वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/ श्रीमती/कु. कुंती पिता/पति लेखु यादव जाति यादव निवासी ग्राम कोसमा तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग.द्वारा अपने स्वयं कुंती के जन्म दिनांक 06.09.2006 को ग्राम पंचायत कोसमा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 23/12/25 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

# Best Hospital's in Bilaspur

## संकल्प नेत्र चिकित्सालय बना आधुनिक नेत्र चिकित्सा का केंद्र : डॉ. संदीप तिवारी



बिलासपुर में नेत्र रोगों के इलाज के लिए प्रसिद्ध संकल्प नेत्र चिकित्सालय ने आधुनिक फेको मशीन से मोतियाबिंद के दर्द रहित और बिना टांके के ऑपरेशन की सुविधा प्रदान करके इस क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल में सभी आयु वर्ग के मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। आधुनिक फेको तकनीक और चश्मे से आजादी : हमारे यहां मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक फेको मशीन का उपयोग किया जाता है, जिससे मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है और वे जल्द ही सामान्य जीवन में लौट सकते हैं। इसके अलावा, अस्पताल मोनोफोकल, मल्टीफोकल और टोरिक लेंस जैसे विभिन्न प्रकार के लेंस की सुविधा भी प्रदान करता है। जिन लोगों को चश्मे से आजादी चाहिए, उनके लिए लेसिक लेजर द्वारा इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है, जो एक लोकप्रिय विकल्प है। डॉ. तिवारी अपनी दो इकाइयों के माध्यम से निरंतर सेवा प्रदान कर रहें है।




## श्वास एवं छाती रोग का अत्याधुनिक अस्पताल वासुदेव क्लिनिक : डॉ. अखिलेश देवरस

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। तिलक नगर स्थित वासुदेव क्लिनिक ने खुद को प्रदेश के एकमात्र अत्याधुनिक श्वास एवं छाती रोग अस्पताल के रूप में स्थापित किया है। क्लिनिक का उद्देश्य श्वसन संबंधी समस्याओं, विशेष रूप से पोस्ट-कोविड जटिलताओं और फेफड़ों की कमजोरी से जूझ रहे मरीजों को विश्व स्तरीय उपचार प्रदान करना है। क्लिनिक के कंसल्टेंट डॉ. अखिलेश देवरस, जो एक अनुभवी पल्मोनोलॉजिस्ट (MBBS, DNB, DTCD, FCGP) हैं, ने बताया कि यहां इलाज के लिए ऑसिलेटर मशीन जैसी नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह मशीन सांस और पोस्ट-कोविड से संबंधित समस्याओं का सटीक पता लगाने में सहायक है। क्लिनिक टीबी (क्षयरोग) के मरीजों के लिए विशेष ईलाज की सुविधा भी प्रदान करता है।




## श्री कृष्ण हॉस्पिटल में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं शुरू

बिलासपुर। मंगला चौक स्थित श्री कृष्ण हॉस्पिटल ने अपनी सुविधाओं का विस्तार करते हुए अब मल्टी एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में सेवाएं देना शुरू कर दिया है। अस्पताल 50 बिस्तरों की क्षमता के साथ क्षेत्र के निवासियों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अस्पताल में चौबीसों घंटे एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है। नई सेवाओं में प्रसूति गृह और स्त्री रोग विभाग, एक्सीडेंटल केयर यूनिट, एडवांस डायलिसिस और ऑपरेशन थिएटर की सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मरीजों के लिए जनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर, किडनी एवं मूत्र रोग विभाग, और छाती, दमा व टी.बी. रोग विभाग जैसे विशिष्ट विभाग भी शुरू किए गए हैं। अस्पताल का उद्देश्य बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है।




## प्रथम हॉस्पिटल में स्ट्रोक न्यूरोलॉजी की सुविधा प्रारंभ : डॉ. रजनीश पाण्डेय

बिलासपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए, सरकंडा थाना के पास स्थित प्रथम हॉस्पिटल ने एक अत्याधुनिक 'लकवा यूनिट' (स्ट्रोक न्यूरोलॉजी) की शुरुआत की है। यह बिलासपुर अंचल का एकमात्र ऐसा केंद्र होने का दावा करता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. रजनीश पाण्डेय (एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. मेडिसिन, एम.आई.एस.एन.) के मार्गदर्शन में, हॉस्पिटल न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी सहित कई सुपर स्पेशियलिटी सेवाएँ प्रदान करता है। हमारे यहां न्यूरोलॉजी विशेषज्ञताः हॉस्पिटल लकवा, मिर्गी, सिरदर्द और दिमाग से संबंधित अन्य गंभीर बीमारियों के आधुनिक उपचार के लिए जाना जाता है। मरीजों की सुविधा के लिए 24x7 भर्ती, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी, एम्बुलेंस, एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है। निःशुल्क उपचारः प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड), रेलवे, SECL, ESIC और विभिन्न प्राइवेट इंश्योरेंस के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा भी प्रदान की जाती है। प्रथम हॉस्पिटल का उद्देश्य उन्नत चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ उच्च-गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है।








सेहत से नाता जोड़ो, बीमारियों से मुंह मोड़ो।

## लाइफ केयर हॉस्पिटल दे रहा अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा : डॉ. कश्यप

बदलते मौसम में बीमार होना आम बात हो गई है।बेहतर चिकित्सा सुविधा न मिलने से छोटा सा मर्ज बड़ी बीमारी के रूप में बदल जाता है, जिसका इलाज कराने में लोग मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप बेहद कमजोर हो जाते हैं। लोगों को कम से कम कीमत में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूनानक चौक तोरवा में श्री गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ केयर हॉस्पिटल की स्थापना की गई है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. रामकृष्ण कश्यप ने बताया कि हमारी संस्थान का उद्देश्य सेवा, साधना और समर्पण है। लोगों के भरोसे पर खरा उतरना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। 100 बिस्तरों वाले सर्वसुविधायुक्त मल्टी अस्पताल में 30 बिस्तरों की अत्याधुनिक सुसज्जित गहन चिकित्सा इकाई में मरीजों का इलाज किया जाता है। साथ ही 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, मेडिकल स्टोर व एंबुलेंस, हृदय संबंधी रोगों का संपूर्ण इलाज होता है। मस्तिष्क संबंधित सभी रोगों का सीटी स्कैन द्वारा जांच विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा 2 डी ईकोकार्डियोंग्राफी, एक्स-रे, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, ईसीजी, पीएफटी, ब्रोन्कोस्कोपी, टीएमटी, एन्जियोग्राफी, एण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी की सुविधा अस्पताल परिसर में दी जाती है।

## श्री शिशु भवन में किया जाता हैं बच्चों का सर्वोत्तम इलाज : डॉ. गिरी

शहर के ईदगाह चौक, बाजपेयी टावर के पास स्थित श्री शिशु भवन एनएबीएच द्वारा प्रमाणित छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र बच्चों का अस्पताल है, जहां 0 से लेकर 18 साल तक के बच्चों का अत्याधुनिक व अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरण से इलाज किया जाता है। श्री शिशु भवन के डायरेक्टर डॉ. श्रीकांत गिरि ने बताया कि जिन बच्चों का वजन 1 किलो से कम होता है, उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के इलाज की सुविधा है। यहां 24 घंटे शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहते हैं। साथ ही आयुष्मान योजना, खूबचंद बघेल योजना द्वारा नवजात शिशु के जटिल ऑपरेशन एवं समस्त इलाज निःशुल्क होता है। ठंड के मौसम में बच्चे जल्द बीमार पड़ते हैं। इस मौसम में दो साल के कम उम्र के बच्चों को सर्दी, खांसी जकड़ लेती है। सर्दी ज्यादा होने पर सांस लेने में तकलीफ भी बढ़ जाती है, जिसे स्थानीय भाषा में डब्बा कहा जाता है। वास्तव में यह बीमारी वायरस के कारण होती है। इसके बचाव के लिए दो साल से कम उम्र के बच्चों को भीड़-भाड़ वाले इलाके में ले जाने से बचना चाहिए। जिन घरों के सदस्यों को सर्दी, खांसी हो उन्हें मास्क का उपयोग करना चाहिए, जो बच्चों के लिए फायदेमंद साबित होगा।




बीमारी को दूर भगाना है, स्वस्थ जीवन अपनाना है।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज

**बिलासपुर।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा शास्त्री नगर बस्ती में 21 दिसंबर रविवार को दोपहर ढाई बजे से सुदर्शन भवन गली नंबर 5 सरकंडा में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें शास्त्री नगर बस्ती वार्ड क्र. 62 के समस्त हिन्दू समाज के भाई-बहनों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नारायण नामदेव सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छ.ग. होंगे। आशीर्वचन श्री सर्वेश्वर दास महराज कोटमी सोनार का होगा। यह जानकारी कृष्ण कुमार शर्मा, सुमित्रा कोरी, कुंदन सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

### दो मकानों से चोर जेवर, नकद ले उड़े

**बिलासपुर।** डाक्टर सहित दो लोगों के मकानों में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, महाशक्ति चौक निवासी डा. राम अग्रवाल 17 दिसंबर को उनका बेटा व बहू पारिवारिक रिश्तेदारी में रायपुर चले गए थे। 18 दिसंबर को रात 8 बजे उनके रसोइया जानकी गुप्ता खाना बनाकर चली गई थी। रात 10 बजे खाना खाकर सामने का दरवाजा बंद कर अपने कमरे में जाकर सो गए। पीछे का दरवाजा बंद करना भूल गए थे। 19 दिसंबर की सुबह 5 बजे वह सोकर उठे तो घर के चारों तरफ का दरवाजा खुला हुआ था। उनकी बहू के कमरे में रखी आलमारी टूटी हुई थी और सामान बिस्तर में फैले हुए थे। उसमें रखे सोने चांदी की कीमती जेवर चोरी हो गए थे। वहीं उनके पड़ोसी शैलष कुमार गुप्ता के घर में चोरों ने धावा बोलकर 85 हजार नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।



### इलाज के दौरान कैदी की मौत

**बिलासपुर।** केन्द्रीय जेल में सजा काट रहे एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, केन्द्रीय जेल में पाक्सो एक्ट के मामले में सजा काट रहे कैदी अनूप जटवार पिता जाघुराम जटवार 30 साल को स्वास्थ खराब होने पर इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 20 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

---

**आसपास के गवर्नमेंट कालेजों में शिफ्ट किए गए स्टूडेंट** | **नियुक्ति नहीं करने को यूनिवर्सिटी ने लिया गंभीरता से**

# धारा 28 के तहत प्राचार्य नियुक्त नहीं, एयू ने 10 प्राइवेट कालेजों के परीक्षा सेंटर निरस्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- यूनिवर्सिटी प्रशासन की चेतावनी के बाद कुछ कालेजों ने अपने यहां नियुक्ति प्रक्रिया चालू कर दी

यूनिवर्सिटी अधिनियम, परिनियम की धारा 28 के तहत प्राचार्यों की नियुक्ति नहीं करने के मामले में अटल यूनिवर्सिटी ने बड़ी कार्रवाई की है। यूनिवर्सिटी ने 10 प्राइवेट कालेजों के परीक्षा सेंटर को निरस्त कर दिया है। सेमेस्टर एग्जाम के लिए इन प्राइवेट कालेजों के स्टूडेंट्स को आसपास के गवर्नमेंट कालेजों में परीक्षा के लिए शिफ्ट किया गया है।



अटल यूनिवर्सिटी में पिछले माह कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी व रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम ने यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों की मिटिंग ली थी। उस मिटिंग में सभी प्राइवेट कालेजों को धारा-28 तहत कालेजों में प्राचार्यो व शिक्षकों की नियुक्ति करने कहा गया था।

यूनिवर्सिटी की ओर से यह चेतावनी भी दी गई थी कि जो कालेज धारा-28 अंतर्गत नियुक्ति नहीं करेगा, उसको सेमेस्टर एग्जाम के लिए परीक्षा सेंटर नहीं बनाया जाएगा।

यूनिवर्सिटी प्रशासन की इस चेतावनी के बाद कुछ कालेजों ने अपने यहां नियुक्ति प्रक्रिया चालू कर दी, जबकि कई कालेजों ने नियुक्ति को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया। इसलिए यूनिवर्सिटी ने इस पर सख्ती बरतते हुए करीब 10 प्राइवेट कालेजों की परीक्षा सेंटर स्थगित कर दी है। इन कालेजों के स्टूडेंट्स को सेमेस्टर परीक्षा के लिए आसपास के गवर्नमेंट कालेजों में शिफ्ट किया गया है।

### कई में स्टूडेंट्स संख्या कम

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध प्राइवेट कालेजों में से शहर स्थित बड़े कालेजों में तो स्टूडेंट्स की स्टेंथ ठीकठाक है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के कई प्राईवेट कालेजों में स्टूडेंट्स की संख्या कम-कम है। यूनिवर्सिटी ने जिन प्राइवेट कालेजों के परीक्षा सेंटर निरस्त किए हैं, उनमें से कई कालेजों में छात्र-छात्राओं की संख्या काफी कम थी। इसलिए उन कालेजों के छात्र-छात्राओं को आसपास के दूसरे कालेजों में परीक्षा सेंटर दिया गया है।

### 64 सेंटरों में चल रही सेमेस्टर एग्जाम

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर की चल रही है। सेमेस्टर परीक्षा दो पालियों में पहले पाली में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और दूसरे पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा हो रही है। कुछ प्राइवेट कालेजों की परीक्षा सेंटर निरस्त किए जाने के बाद गवर्नमेंट व प्राइवेट कालेजों को मिलाकर 64 सेंटरों में परीक्षा चल रही है, जिसमें फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर के लगभग 45 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

### की गई है कार्रवाई

यूनिवर्सिटी द्वारा सेमेस्टर एग्जाम के लिए कुछ प्राइवेट कालेजों के परीक्षा सेंटर निरस्त किए गए हैं। इनमें कुछ कालेजों में विद्यार्थियों की संख्या कम थी, वहीं कुछ कालेजों में धारा-28 तहत प्राचार्य, शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई थी, जबकि कालेजों को पहले ही मिटिंग लेकर नियुक्ति करने कह दिया गया था।

**-डॉ. तार्निश गौतम**
रजिस्ट्रार, एयू

---

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण केशरवानी ने आरटीओ को लिखा था पत्र

# विरोध के बाद मोपका-सेंदरी बाईपास में लगे कैमरे आरटीओ ने किए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चालान की पेनाल्टी माफ करने की मांग की

परिवहन विभाग द्वारा मोपका सेंदरी बायपास व हाइवे पर लगे गए कैमरे को बंद कर कर दिया गया है। ग्रामीणों के विरोध और पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कैमरों को बंद करने की मांग की थी। शनिवार को विजय केशरवानी ने आ र टी ओ आसीम माथुर से मुलाकात की और कैमरे द्वारा ग्रामीणों को दिए गए भारी भरकम ई चालान की रकम वापस करने की मांग भी की है।

दरअसल बिलासपुर-रतनपुर और मोपका सेंदरी बायपास में लग कैमरों की जद में आते ही ग्रामीणों के वाहनों का चालन कट रहा है। कई बार घर से सामने रखे वाहनों का भी चालान कट रहा है, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और जमकर हंगामा मचा। पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया और परिवहन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिसके बाद आटीओ कार्यालय हरकत में आया और परिवहन आयुक्त से इस संबंध में मार्गदर्शन मिलने के बाद 9 दिसंबर को कैमरा बंद करा दिया गया। खास बात यह है कि चालान की रकम भी भारी भरकम हजारों रुपये का चालान भेजा गया है। वाहन सवार युवा, ग्रामीणों से भी ई चालान के जरिए बड़ी राशि भेजी जा गई जिससे ग्रामीणों ने भुगतान भी किया लेकिन कई बार एक साथ कई चालान आने के बाद ग्रामीणों का हाल बेहाल होने लगा था। इस दौरान बेलतरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव, पार्षद सुनील सोनकर, मोहन श्रीवास, मनीष गढ़ेवाल, राम प्रकाश साहू उपस्थित रहे।



कलेक्टारेट में आरटीओ अफसर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसजन।



बिलासपुर-रतनपुर रोड के सेंटरी मोड पर लगाया गया कैमरा।

### चालान माफ करने की मांग

विजय केशरवानी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को आरटीओ आसीम माथूर से मुलाकात की। आरटीओ से मांग की गई है कि मोपका सेंदरी बायपास का निर्माण पूरा होने तक कैमरों को बंद रखा जाए। वहीं जिन-जिन बाइक सवार को ई चालान के नाम पर भारी भरकम राशि का पेनाल्टी भेजा गया है उसे माफ करने की मांग की गई है।

### बेलतरा विस की सड़कें खराब

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की हालत बद से बदत्तर है। मोपका सेंदरी बायपास की हालत यह है कि यहां से गुजरना नर्क की तरह प्रतीत हो रहा है। इसके बाद भी परिवहन विभाग के कैमरे द्वारा भेजे गए चालान से ग्रामीणों पर दोगुनी मार पड़ रही है

---

# अवैध निर्माण: तीन दुकानें सील, सिम्स के सामने मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- समोसा और चाय बेचने वाली महिलाएं निगम की टीम से भिड़ गईं

नगर निगम की टीम ने नक्शे के विपरीत और बिना अनुमति बनाई गई तीन दुकानों को सील कर दिया है। इसके साथ ही सिम्स के सामने लगाए गए ठेलों और आटो वालों को हटाया गया। इस दौरान समोसा और चाय बेचने वाली महिलाएं निगम की टीम से भिड़ गईं। महिलाओं का कहना था कि निगम अमला हमेशा से ही छोटे दुकानदारों को हटाता है। रसूखदारों पर कार्रवाई से पहले हाथ कांपने लगते हैं।

निगम को काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि दयालबंद गुरुद्वारे के पास विजय पटेल द्वारा नक्शे के विपरीत दुकान का निर्माण करा लिया गया है। निगम ने प्रारंभिक नोटिस जारी कर जांच की तो पाया कि विजय पटेल ने गुरुद्वारे के पास गोदाम बनाने की अनुमति तो ली थी, लेकिन निमार्ण के समय गोदाम के साथ ही मुख्य सड़क पर दुकान भी बना लिया। इससे सड़क पर आवागमन प्रभावित हो रहा था। निगम ने नोटिस जारी कर दुकान निर्माण रोकने कहा था, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। निगम ने दुकान को सील कर दिया है। इसी तरह गुरुनानक चौक के आगे पेट्रोल पंप के सामने अनुमति विरुध्द निर्माण किए जाने के कारण शेख गुलाम द्वारा बनाई गई दुकान को निगम ने सील कर दिया है। इसी सड़क पर आगे प्राची मोटवानी द्वारा बिना अनुमति बनाई गई दुकान को निगम ने सील कर दिया है।



दुकानदारों पर कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

### सिम्स रोड पर ठेले और आटो वालों का कब्जा

इधर सिम्स रोड एक बार फिर ठेले और आटो वालों के कब्जे से ग्रसित हो गई है। इससे जाम की स्थिति बन रही है। निगम की टीम शनिवार को मौके पर पहुंची और आटो वालों के साथ ही फल, चाय ठेला को खदेड़ना शुरू किया। इस दौरान विरोध और हंगामा होने लगा। देखा जाए तो अतिक्रमण की वजह से सिम्स रोड में सुबह नौ बजे से जाम लगने लगता है। इसमें सिम्स आने-जाने वाली एंबुलेंस भी फंस जाती हैं। महज 200 मीटर की दूर तय करने में 10 से 20 मिनट का समय लग जाते हैं। ऐसे में कई बार मरीजों को गंभीर परिणाम झेलना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ट्रैफिक पुलिस व निगम की संयुक्त टीम ने इस मार्ग पर अभियान चलाकर कार्रवाई की थी, लेकिन हालत अब फिर जस की तस हो गई है।

---

# गुंडागर्दी: अशांति फैलाने वाले 23 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जिले में गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। एक बार फिर पुलिस ने 23 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसके पहले 30 बदमाशों पर कार्रवाई की गई थी। एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

शनिवार को सरकण्डा पुलिस ने अशांति फैलाने वाले कैलास पटेल उर्फ नानू पिता ईश्वर पटेल 25 साल अशोकनगर, साजिद हुसैन पिता सब्बर हुसैन 40 साल मगरपारा, अजय सोनी पिता अशोक सोनी, 43 साल बसोड़ मोहल्ला, नितेश साहू उर्फ नंदू पिता दिलीप साहू 22 साल अशोकनगर, अमर रजक पिता स्व. सावत रजक 24 साल श्यामनगर लिंगियाडीह, अमर यादव पिता राजू यादव 24 साल श्यामनगर लिंगियाडीह रतनपुर पुलिस ने पुरूषोत्तम पटेल पिता बाबूराम पटेल 28 साल मंझोलीपारा खूंटाघाट, नरेन्द्र पटेल पिता स्व. रामखिलावन पटेल 37 साल सांधीपारा, मंगल उर्फ मनीष केंवट पिता सुखदेव केंवट गोंदईया रतनपुर, मुन्ना लाल कोरी पिता स्व. आत्माराम कोरी 55 साल रानीगांव एवं कोतवाली पुलिस ने रामसदन निषाद पिता स्व. मोहनलाल निषाद 35 साल कंसा चौक टिकरापारा, रोहन साहू पिता स्व. लीलाराम साहू 20 साल उदई चौक, ओम सोनी पिता राजेश सोनी 23 साल तेलीपारा, राजेश पासी उर्फ गोलू पिता पिता स्व. शंकर पासी 27 साल टिकरापारा, शुभम वर्मा पिता स्व. रमेश लोधी 25 साल ईमलीपारा निवासी को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191, 192, 193, 194, 195/ 25, 170, 126, 135 के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने करबला कुम्हारपारा निवासी लक्की उर्फ लक्कू यादव पिता रामायण यादव को पकड़कर चाकू बरामद किया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह सिविल पुलिस ने गुंडागर्दी करने वाले 8 बदमाशों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। वहीं दो युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन



डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

---

# इंस्टाग्राम में दोस्ती कर युवती से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंस्टाग्राम में दोस्ती कर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।




सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की बेलगहना सोनपुरी निवासी अरूण कुमार भानू पिता हरनाम 30 साल से इंस्टाग्राम से दोस्ती हुई। उसके बाद दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। 9 सितंबर 2024 को युवक जबरन युवती को बाइक में बैठाकर सरकण्डा क्षेत्र के सुनसान इलाके में लेकर गया और अनाचार कर वीडियो बनाकर रख लिया। उसके बाद ब्लैकमेलिंग कर लगातार कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

शादी करने के लिए कहने पर मारपीट कर गाली गलौज कर भगा दिया। उसके बाद वीडियो को वायरल कर दिया है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 69, 296, 115, 2, 351, 2 व 67, 67 ए आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

सुमीत बाजार™
आज का स्पेशल ऑफर
MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~ प्रति पीस वाले
प्रीमियम क्वालिटी डिजिटल प्रिंट मेन्स कुर्ता



हल्दी, कार्नीवाली, बारात, पूजा एवं पार्टी के लिये उपयोगी
आकर्षक प्रिंट्स एवं डिजाईन्स में मेन्स कुर्ता ₹333 में
साईज उपलब्धतानुसार... ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक....
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
*condition apply